नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 168 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 23 अप्रैल 2023



पेज -6 पर हर्षोल्लास से मनाया गया त्यौहार तय वक्त पर ईद उल फितर की अदा की गई ...



रतनपुर में ईद का त्यौहार बड़े उल्लास के साथ मनाया गया पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## छत्तीसगढ़ में आज से पांच दिनों तक आंधी-बारिश

*40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं; देखें किस तारीख को कहां बारिश...*

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में 22 से 26 अप्रैल के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंधी-बारिश के आसार हैं. ज्यादातर हिस्सों में हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है. हालांकि कुछ स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है. इसके लिए सतर्क रहने के लिए कहा गया है, जिससे किसी भी तरह के नुकसान से बचा जा सके। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति विदर्भ से तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. प्रदेश में नमी युक्त हवाओं का आगमन लगातार जारी है. इन दोनों के प्रभाव से प्रदेश में 22 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है. प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की भी संभावना है। संभाग के अंतर्गत सरगुजा में 22 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर और 26




अप्रैल को एक-दो स्थानों पर बारिश हो सकती है. इसी तरह जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. सूरजपुर में 26 अप्रैल को भी हल्की बारिश का अनुमान है।

बिलासपुर संभाग के अंतर्गत बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और जांजगीर-चांपा में 22 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. रायपुर संभाग के अंतर्गत रायपुर जिले में 22, 23, 24 और 25 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है. इसी तरह गरियाबंद और धमतरी में भी 22 से 25 अप्रैल तक एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. बलौदाबाजार में 22 अप्रैल और महासमुंद में 22 और 24 अप्रैल को बारिश का अनुमान है. दुर्ग संभाग के अंतर्गत दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद जिले में 22 से 25 अप्रैल तक एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है. बेमेतरा और कवर्धा में 22 से 24 अप्रैल तक एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. बस्तर संभाग के अंतर्गत बस्तर, कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिले में 22 से 26 अप्रैल तक कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में 22 से 25 अप्रैल तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## टुटेजा ने मुख्यसचिव को लिखा पत्र छुट्टी पर हूं, ईडी को सूचित भी किया है



रायपुर. छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की चिट्ठी के बाद अब आईएएस अनिल टुटेजा ने एक पत्र लिखा है. आईएएस टुटेजा ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को लिखे पत्र में बताया है कि उन्होंने स्वास्थ्यगत कारणों से 28 अप्रैल तक अर्जित अवकाश के लिए आवेदन किया था.

इसे स्वीकृत कर दिया गया है। आईएएस टुटेजा ने यह स्पष्ट किया है कि उनके निवास पर ईडी की ओर से समंस प्राप्त हुआ है और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के जरिए जवाब भी दिया गया है. टुटेजा ने बताया है कि उन्होंने ईडी को पत्र लिखकर दो हफ्ते का समय मांगा था, क्योंकि उनकी तरफ से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई गई है, जो लंबित है। उनके घर पर ईडी की तलाशी के दौरान घर पर विधिवत बयान दर्ज किया गया था. साथ ही, 30 मार्च को ईडी दफ्तर भी भी पूरे दिन बयान दर्ज किया गया है. ईडी के अनुरोध पर उन्होंने परिवार के सदस्यों की चल और अचल संपत्ति सहित सभी दस्तावेज विधिवत प्रस्तुत किए गए हैं। आईएएस टुटेजा ने बताया है कि उन्होंने ईडी को लिखे गए सभी पत्रों में जांच में शामिल होने की इच्छा दिखाई है. बस कुछ समय देने का अनुरोध किया है, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है. बता दें कि ईडी की ओर से मुख्य सचिव को पत्र लिखकर यह जानकारी दी गई थी कि वे समंस के बावजूद प्रस्तुत नहीं हो रहे हैं।

### एक नजर

#### रायपुर सेन्ट्रल जेल समेत कई जेल अधीक्षकों का हुआ तबादला

**रायपुर।** शुक्रवार देर शाम बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हुई है। प्रशासन ने रायपुर सेन्ट्रल जेल समेत कई जेल अधीक्षकों का तबादला कर दिया है। जेल विभाग की ओर से इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया था। राज्य सरकार ने रायपुर सेंट्रल जेल के अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री और उप जेल अधीक्षक एमएन प्रधान का हटा दिया है। क्षत्री का तबादला सेंट्रल जेल अंबिकापुर और प्रधान का तबादला महासमुंद किया गया है।

#### कर्मचारियों का 4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा, अब 42 फीसदी होगा डीए



**रायपुर।** राज्य में बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा दी गयी है। इस बाबत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने आदेश जारी कर दिया है। 1 जनवरी 2023 से राज्य के बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी हो जायेगा।

#### प्रदेश में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**रायपुर ।** मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 48 घंटो के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के सभी जिले प्रभावित हो सकते हैं। इन संभागों के जिलो में एक दो जगहों पर गरज चमक व हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही अंधड़ और वज्रपात की भी संभावना है।

## हत्या के बाद आत्महत्या !

### पति-पत्नी ने चार साल के बच्चे साथ किया सुसाईड, इलाके में फैली सनसनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा इलाके में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पति-पत्नी ने अपने बच्चे के साथ जान दे दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। ये कदम किस लिए उठाया गया अभी इसकी स्थिति साफ नहीं हो पाई है। हालांकि मौके से कीटनाशक दवा मिली है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक़ घटना खरोरा थाना के मोतीनपुर गांव की है। खबरों के अनुसार मोतीनपुर गांव का रहने वाला 30 वर्षीय तुकेश्वर सोन





केवरे अपनी पत?नी निक्की सोन केवरे (26 वर्ष) और चार साल के बेटे निहाल सोन केवरे के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि कल रात सभी खाना खाकर सोए थे। आज सुबह नहीं उठे, काफी देर तक कोई सुबगुहाट नहीं मिलने पर पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा तो नजारा देख दंग रह गए। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार महिला और बच्चे की लाश पलंग पर और तुकेश्वर का शव फांसी पर झूलता हुआ मिला।

जिसके बाद लोगों ने खरोरा थाना की पुलिस को घटना की जानकारी दी। खरोरा थाना प्रभारी बृजेश तिवारी ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला और बच्चे की लाश पलंग पर पड़े हुए थे। जबकि तुकेश्वर का शव फांसी पर लटकता मिला।

*मामले की जांच की जा रही है। हालांकि किसी तरह के सुसाइड नोट अभी तक नहीं मिला है ना ही किसी के शरीर में चोट के निशान है। प्राथमिक जांच में मौके से कीटनाशक दवा मिली है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस करीबियों से भी पूछताछ कर रही है।*

## रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर आज रद्द रहेगी




**रायपुर।** रायपुर रेल मण्डल के भिलाई एवं कुम्हारी के बीच रोड अंडर ब्रिज का निर्माण 21 अप्रैल को करने की घोषणा की गई थी, लेकिन बिलासपुर रेल मण्डल में मालगाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह कार्य 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 24 अप्रैल की शाम 21 बजे तक किया जाएगा। इससे रेल परिचालन पर असर होगा। रद्द होने वाली गाडियां- -23 अप्रैल को रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

23 अप्रैल को रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली 08703/08704 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी। देरी से रवाना होने वाली गाडियां- -21 अप्रैल को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 03 घंटे देरी से रवाना होगी। -22 अप्रैल को इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी। -23 अप्रैल को इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी।

## बिरनपुर हेट स्पीच- भाजपायुवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर एफआईआर



### सोशल मीडिया में बिरनपुर पर किया था पोस्ट

रायपुर। बिरनपुर घटना पर हेट स्पीच का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। इसे लेकर राजधानी पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम पर अब भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

बीजेपी नेता शुभंकर द्विवेदी के खिलाफ हेट स्पीच मामले में 21 अप्रैल को सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 230/2023, भारतीय दंड संहिता की धारा 153(a)तथा 505(2) के तहत पंजीबद्ध किया गया। जानकारी के मुताबिक, बीजेपी नेता शुभांकर द्विवेदी ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में बिरनपुर घटना से संबंधित एक घर के जलने का वीडियो को पोस्ट करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट शेयर किया था। मालूम हो कि इससे पहले भी बीजेपी नेताओं के खिलाफ हेट स्पीच मामले में कार्रवाई की जा चुकी है।

## प्रदेश को खुशहाल बनाना है तो बुलडोजर भी चलाना होगा, तुष्टिकरण की राजनीति भी बंद करनी होगी - बृजमोहन



रायपुर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के, बयान कि बुलडोजर वाले अब नही चलेंगे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर प्रदेश में और देश में खुशहाली लाना है तो हमको बुलडोजर भी चलाना पड़ेगा और तुष्टिकरण की राजनीति भी बंद करनी पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ जो बदहाली के दौर से गुजर रहा है उसके पीछे कांग्रेस की यही नीति है जिसका परिणाम पूरा प्रदेश भुगत रहा है। बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ आबादी के दृष्टिकोण से देश का 22वे नंबर का राज्य है। परंतु अपराध में यह टॉप 10पर है। छत्तीसगढ़ आज ऐसा राज्य बन गया है जहां हर तरह के अपराधी, असामाजिक कृत्य हो रहे हैं। गली-गली में शराब बिक रही है, सड़कों पर रोजाना चाकूबाजी हो रही रहे हैं, रेत माफिया, जमीन माफिया, कोल माफिया, ड्रग माफिया सरकार के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। हमारी भाजपा सरकार आने पर निश्चित रूप से हम ऐसे अवैध काम करने वालों की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर लगभग 10 हजार पुलिस के पद रिक्त है। जिसके चलते विभिन्न अपराध के मामलों में जांच तो प्रभावित हो ही रहा है, कानून व्यवस्था भी बदतर हो रही है।

**अक्ती तिहार ... लौकी, सेम, तोरई के बीज बोये**

## मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर चलाकर की खेत की जुताई...





***रायपुर।*** *मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गांव की माटी, देवी-देवताओं और ठाकुर देव की पूजा कर बीज बुवाई संस्कार के तहत लौकी, सेम, तोरई के बीज बोये। मुख्यमंत्री ने गौ माता को चारा खिलाया और धान की कोठी से बीज लाकर पूजा की, उन्होंने धरती माता से अच्छी फसल और राज्यवासियों के धन धान्य से भरे रहने की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई की।*

## इंतजार हुआ खत्म, 15 मई को आएगा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन के छात्राओं को अब रिजल्ट के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। 15 मई तक CGBSE के नतीजे घोषित किये जा सकते हैं।



### इस बार 3 हजार से ज्यादा छात्रों को मिलेगा बोनस अंक

दसवीं बोर्ड और 12वीं की कॉपियों का मूल्यांकन अंतिम दौर में है। संभावना जताई जा रही है कि 15 मई तक रिजल्ट जारी हो जाएंगे । बता दें कि इस साल 10वीं में 3.38 लाख और 12वीं में 3.28 लाख छात्रों ने परीक्षा दी है। राज्य में इस बार 32 मूल्यांकन केंद्रों में कापियों की जांच हो रही है। 15 हजार से ज्यादा शिक्षक मूल्यांकन का काम कर रहे हैं।

स्टूडेंट्स रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र CGBSE की आधिकारिक cgbse.nic.in पर जाकर ऑनलाइन चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थी cgbse.nic.in और results.cg.nic.in इस लिंक के माध्यम से अपना परीक्षा परिणाम चेक कर सकते हैं।

# जलवायु परिवर्तन का असर भारत की आर्थिकी पर

परिवर्तन प्रकृति का नियम है और जलवायु प्रकृति की ही गतिविधि होने के नाते उसमें परिवर्तन स्वाभाविक ही है। अगर जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया न होती तो सूर्य से निकली यह पृथ्वी आग का गोला बनी रहती। न तो शीतलन की प्रक्रिया होती, न हिम युग आते और ना ही जीवन की उत्पत्ति होती। लेकिन जब परिवर्तन की गति अस्वाभाविक रूप से बढ़ने लगे तो वह न केवल मानव जीवन बल्कि धरती के समूचे जल, थल और नभचरों के अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी है, और इस गंभीर चुनौती के लिए मानवजनित क्रिया-कलाप ही प्रमुख कारक हैं। इस चुनौती से विश्वभर के योजनाकार, सरकारें तथा पर्यावरणवादी चिंतित हैं।



जलवायु परिवर्तन का पहले से ही पृथ्वी पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसमें लगातार भीषण गर्मी या लू, सूखा, बाढ़, तूफान और समुद्र का बढ़ता स्तर शामिल है। यह जैव विविधताओं के नुकसान का कारण भी बन रही है और मानव स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधनों को भी प्रभावित कर रही है। यद्यपि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण भारत के लिए यह समस्या कुछ ज्यादा ही चिन्ताजनक है। भारत के संदर्भ में जलवायु का महत्व आर्थिक विकास से जुड़ा हुआ है। आबादी के मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। अत्यंत घनी आबादी वाला यह देश कृषि प्रधान है, जहां दो तिहाई से अधिक लोग गांवों में निवास करते हैं तथा खेती पर निर्भर हैं। भारत की अर्थव्यवस्था पर जलवायु का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। भारत में मौसम विज्ञान संबंधी रिकॉर्ड वर्षा की मात्रा में अधिक परिवर्तन न होते हुए भी वायु तापमान में वृद्धि की ओर संकेत करते हैं।

भारत के लिए जलवायु परिवर्तन की समस्या इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि इसने अपने माथे पर विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला हिमालय को धारण किया हुआ है, जो कि निर्माण की प्रक्रिया में होने के कारण उसका पारितंत्र बहुत संवेदनशील है। हिमालय अपने आप में सम्पूर्ण ऐशिया का वाटर टावर और जलवायु नियंत्रक है। यह हिम-आलय जलवायु परिवर्तन के कारण आपदा-आलय बन रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण सन् 2013 में समय से पहले 16 जून को ही मानसून हिमालय पर चढ़ जाता है और बादल वहां फटता है जहां सीधे हिमपात होता है। इसी का नतीजा केदारनाथ की आपदा थी जिसमें हजारों तीर्थ यात्री मारे गए थे, समूची केदारघाटी तबाह हो गई थी।

सर्दी के मौसम में जब हिमालय में नदियां जमने लगती हैं तब फरबरी 2021 में धौलीगंगा-ऋषिगंगा की बाढ़ आ गई जिनमें सेकड़ों लोगों के मरने के साथ ही अरबों रुपये लागत के प्रोजेक्ट नष्ट हो गए।

## कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, भारत की अर्थव्यवस्था और खासकर इसके कृषि क्षेत्र पर नजर आने लगे हैं। कृषि क्षेत्र देश के आधे से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है और इसके सकल घरेलू उत्पाद के एक महत्वपूर्ण हिस्से में भूमिका निभात है। जलवायु में परिवर्तन से बाढ़, सूखा और लू जैसी चरम मौसमी घटनाओं के कारण फसल की पैदावार में कमी आती है। बार-बार प्राकृतिक आपदाओं के आने और उनकी तीव्रता, जैसे बाढ़ और चक्रवात, जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे बुनियादी ढांचे, फसलों और आजीविका को काफी नुकसान होता है। जलवायु पविर्तन से वर्षा के बदलते पैटर्न के कारण पानी की कमी या सूखे के कारण फसलें बरबाद हो जाती हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां सिंचाई सुविधाओं के अभाव में खेती वर्षा पर निर्भर रहती है। यही नहीं इस स्थिति में कीट और रोग भी फैल सकते हैं, जो फसलों को नष्ट कर देते हैं और गंभीर आर्थिक नुकसान का कारण बन सकते हैं। कृषि के अलावा जलवायु परिवर्तन अन्य उद्योगों जैसे पर्यटन, मत्स्य पालन और वानिकी पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जो आगे चलकर सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

## जलवायु परिवर्तन पर समिति का गठन

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के अपरिहार्य प्रभावों के अनुकूल होने और भारत में जलवायु अनुकूल स्थितियां बनाने के लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है जिसका मुख्य कार्य जलवायु परिवर्तन का मूल्यांकन, अनुकूलन और उसके प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का समन्वय करना है। यह समिति विभिन्न मंत्रालयों और अन्य अभिकरणों द्वारा जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्यों के लिए समग्र दिशा निर्देश उपलब्ध कराती है। साथ ही भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकारों की अध्यक्षता में गठित एक उप-समिति भारत में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अध्ययन कर रही है तथा प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए समुचित सलाह देने का काम करने लगी है। सरकार चुनौती का सामना करने के प्रयास तो कर रही है, मगर कोई भी प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसमें जनता की भागीदारी न हो। आम आदमी को इस प्रयास में शामिल करने से तभी लाभ होगा जब उसे जागरूक किया जाएगा और उसे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सचेत किया जाएगा।

जयसिंह रावत

## संपादकीय

### चुनौती दे रहे क्षत्रपों पर शिकंजा

केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई कर रही हैं। लेकिन ऐसी विपक्षी पार्टियां ज्यादा निशाना बन रही हैं, जो भाजपा और केंद्र सरकार को चुनौती दे रही हैं या जिनके चुनाव के बाद जरूरत पड़ने पर भाजपा के साथ जाने की संभावना बहुत कम है। जो प्रादेशिक क्षत्रप खुलेआम चुनौती नहीं दे रहे हैं या भाजपा को चुनावी नुकसान करने में सक्षम नहीं हैं या जिनके बारे में यह संभावना है कि जरूरत पड़ने पर भाजपा के साथ जा सकते हैं उनके नेताओं के खिलाफ भी मुकदमे हैं लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है।

इस तरह के दलों में जेडीएस, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, इंडियन नेशनल लोकदल आदि का नाम लिया जा सकता है। यहां तक कि डीएमके, जेएमएम और समाजवादी पार्टी को भी इस श्रेणी में रखा जा सकता है। दूसरी श्रेणी की जो पार्टियां हैं उनमें कांग्रेस अव्वल है। उसके बाद आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति आदि का नाम लिया जा सकता है। इन पार्टियों के शीर्ष नेताओं को किसी तरह से मुकदमे में उलझाने और परेशान करने की रणनीति दिख रही है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल और तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के आरोपों से भी इसका आभास होता है। दोनों ने एक जैसे आरोप लगाए हैं। दोनों को ऐसे मामलों में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, जिनमें पहले उनका नाम नहीं था। इतना ही नहीं उन मामलों में गिरफ्तार आरोपियों को धमकाए जाने का आरोप भी लगा है।

# जिंदा' अतीक ब्रदर्स योगी की सरकार को देते ज्यादा 'संजीवनी'

अतीक ब्रदर्स शूटआउट के बाद 'मौन' हो चुके हैं। दोनों भाई खूंखार अपराधी थे। इन दोनों को एक-दो बार नहीं दसियों बार भी फांसी पर लटकाया जाता तो भी इनका गुनाह खत्म नहीं होता, लेकिन शूटआउट के बाद उन लोगों ने जरूर राहत की सांस ली होगी जिनके अतीक के साथ व्यवसायिक-राजनैतिक और आपराधिक रिश्ते रहे होंगे।

पुलिस कस्टडी में अतीक ब्रदर्स ऐसे कई राज खोल सकता था, जो कुछ रसूखदार लोगों के गले की फांस ही नहीं बन जाती, कइयों का तो न केवल कैरियर चौपट हो जाता, बल्कि पुलिस से पूछताछ के झमेले में भी पड़ सकते थे। इन रसूखदार लोगों में व्यवसायी, सरकारी नुमाइंदे और राजनेता भी शामिल हैं। इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि अतीक भाइयों की मौत पर भले ही विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर हो, लेकिन सच्चाई यही है कि इन खूंखार अपराधी भाइयों की हत्या से योगी सरकार को फायदा कुछ नहीं मिला है, बल्कि सियासी रूप से नुकसान ही हुआ है। सब जानते हैं कि अतीक ब्रदर्स के संबंध किस नेता और दल के साथ सबसे अधिक प्रगाण रिश्ते हैं। अतीक भाई पूछताछ में मुंह खोलते तो नुकसान भाजपा को उतना नहीं होता जितना उसके मरने से होता



हुआ दिखाई दे रहा है।अतीक-अशफाक का जिंदा रहना यदि योगी सरकार के लिए फायदे का सौदा नहीं होता तो संभवता उमेश पाल हत्याकांड के बाद इन दोनों भाइयों के खिलाफ योगी सरकार का रवैया कुछ अलग और बदला हुआ नजर आता। इन भाइयों की भी गाड़ी पलट सकती थी, जिसकी काफी चर्चा चल रही थी। कहा जा रहा है कि उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए साबरमती जेल से प्रयागराज लाए गए अतीक अहमद ने पुलिस रिमांड के दौरान कई राज उगले हैं। अतीक अहमद की निशानदेही पर पुलिस ने कुछ जगहों पर छापेमारी भी की थी, जहां से उसे कुछ अवैध असलहे भी मिले थे। ईडी ने भी अतीक बंधुओं से पूछताछ की थी और प्रयागराज में कई जगहों पर छापेमारी भी हुई थी। यह बात भी सामने आई थी कि अतीक अहमद ने अपने साथ अपराध, राजनीति और व्यवसाय में शामिल जिन कुछ लोगों के नाम बताए थे, उससे तमाम लोगों में बेचैनी थी। हालांकि किन लोगों के नाम बताए थे, इसके बारे में किसी को कुछ नहीं पता है। अतीक अहमद करीब चार दशक से अपराध की दुनिया में और करीब तीन दशक से राजनीति में भी सक्रिय था। राजनीति में आने के बाद अहमद के आपराधिक रिकॉर्ड भी बढ़े लेकिन यह उसका राजनीतिक कद भी बढ़ाता गया। इस दौरान वो कोई राजनीतिक पार्टियों में रहा और सभी राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेताओं से उनके संबंध रहे। इस दौरान अतीक की दौलत भी हजारों करोड़ में पहुंच गई थी, जो उसने दहशत से कमाई थी। प्रयागराज में ऐसा शायद ही कोई बड़ा व्यवसायी या बड़ा बिल्डर होगा जिसके कारोबार में अतीक अहमद का प्रत्यक्ष या परोक्ष हाथ ना रहा हो। यही नहीं, पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके अतीक अहमद का संबंध अपने आखिरी समय में भले ही बहुजन समाज पार्टी से रहा हो लेकिन निजी संबंध उनके सभी पार्टियों के नेताओं से थे, जिसमें बीजेपी के नेता भी शामिल थे। अतीक अहमद को करीब से जानने वाले कहते हैं अतीक का कुछ दलों और नेताओं से राजनीतिक विरोध जरूर था, लेकिन राजनीतिक दुश्मनी जैसी कोई बात थी नहीं। इसीलिए अतीक ब्रदर्स की हत्या में दो ही एंगल दिख रहे हैं। एक तो राजनीतिक और दूसरा माफिया का। बिल्डर-व्यवसायी चाहे कितने भी उनके साथ काम कर रहे हों, इस तरह की हत्या में वे लोग शामिल होंगे, ऐसा लगता नहीं है। राजनीतिक लाभ और हानि से जुड़ा मसला जरूर हो सकता है जो जांच में ही सामने आएगा। उधर, अपराध जगत की खबरों पर पैनी नजर रखने वालों को लगता है कि योगी सरकार तो माफियाओ के खिलाफ सख्त तेवर अपना ही रहे हैं, लेकिन इसी आड़ में यूपी के कुछ दूसरे माफिया भी अपने विरोधियों को निपटाने में जुटे हैं ताकि इस क्षेत्र में उनका वर्चस्व कायम हो सके।

अजय कुमार

## मिला जुला

### कनाडा के एयरपोर्ट से 121 करोड़ का सोना चोरी- पूरे कंटेनर को उठा ले गए चोर, 3 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

कनाडा के सबसे बड़े टोरंटो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 17 अप्रैल की देर शाम एक स्पेशल कंटेनर पहुंचा। इसमें 14.8 मिलियन डॉलर यानी 121 करोड़ रुपए का सोना और दूसरे कीमती सामान थे। इसे सुरक्षित तरीके से कंटेनर फैसिलिटी में शिफ्ट कर दिया गया। 20 अप्रैल को पता चला कि यह पूरा कार्गो ही चोरी हो गया है। तब से कनाडा की पुलिस इसे खोजने में जुटी है।



#### इंस्पेक्टर ने कहा- ये अनोखा केस

जांच कर इंस्पेक्टर डूइविस्टन ने इस मामले को अनोखा बताया है। हालांकि उन्होंने कहा कि वे जांच पूरी होने तक यह नहीं बता सकते कि कार्गो किस कंपनी का था और कौन सी एयरलाइन से लाया गया था और इसका वेट कितना था। इस मामले में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस को इसके पीछे किसी बड़े गैंग का हाथ होने का शक है। यह गैंग कनाडा में है या नहीं, यह भी पता नहीं चल पाया है, न कोई बड़ा सुराग हाथ लगा है।

### ईद के मौके पर बोलीं ममता बनर्जी
### मैं जान देने को तैयार लेकिन देश का बंटवारा नहीं होने दूंगी

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि देश को बांटने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि वह जान दे देंगी लेकिन देश का बंटवारा नहीं होने देंगी। ममता बनर्जी ने इस दौरान बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा। ममता बनर्जी कोलकाता में रेड रोड पर ईद की नमाज के लिए इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही।

#### देश का बंटवारा नहीं चाहते

ममता बनर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि हम बंगाल में शांति चाहते हैं, हम दंगे नहीं चाहते। हम नहीं चाहते कि देश का बंटवारा हो, जो देश का बंटवारा चाहते हैं, उन्हें मैं ईद के मौके पर वादा करना चाहती हूं कि मैं अपनी जान देने को तैयार हूं लेकिन देश का बंटवारा नहीं होने दूंगी। ममता बनर्जी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि %शांति बनाए रखें और किसी की बात ना सुनें। एक गद्दार पार्टी है, जिससे हमें लड़ना है। सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप लग रहा है। ममता बनर्जी ने भी इसे लेकर कहा कि मुझे जांच एजेंसियों से भी लड़ना है क्योंकि मुझमें हिम्मत है लेकिन मैं झुकने को तैयार नहीं हूं।

#### भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

ममता बनर्जी ने अपने संबोधन में भाजपा पर तीखा हमला बोला। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग भाजपा से पैसे लेते हैं और



कहते हैं कि वह मुस्लिम वोटबैंक को बांट देंगे, मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि उनमें हिम्मत नहीं है कि वह मुस्लिम वोटबैंक का बंटवारा कर दें। ये आपसे मेरा वादा है कि अगले साल चुनाव है, देखते हैं कौन चुना जाता है और कौन नहीं। बनर्जी ने कहा कि अगर लोकतंत्र चला जाएगा तो सबकुछ खत्म हो जाएगा। आज संविधान को बदला जा रहा है, इतिहास को बदला जा रहा है। वो लोग एनआरसी लेकर आए। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि मैं उन्हें ऐसा नहीं करने दूंगी।

### हमले के शिकार आर्मी-ट्रक में इफ्तार के लिए फल थे

### 5 जवानों की शहादत के बाद गांव के लोग बोले- ईद नहीं मनाएंगे; केवल नमाज होगी



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सांगियोटे गांव के लोग आर्मी के ट्रक पर आतंकी हमले की वजह से आज, यानी शनिवार को ईद नहीं मनाएंगे। दरअसल, यह ट्रक इसी गांव के लोगों के इफ्तार के लिए फल और अन्य सामान ले जा रहा था। ट्रक पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिंबर गली के पास भाटादूड़ियां और तोता गली के बीच था, तभी आतंकियों ने घने कोहरे और बारिश के बीच इस पर हमला कर दिया। इसमें पांच जवान शहीद हो गए। एक जवान घायल हो गया। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, राष्ट्रीय राइफल्स की यूनिट ने इफ्तार पार्टी के लिए यह व्यवस्था की थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, सांगियोटे गांव में गुरुवार शाम 7 बजे यह कार्यक्रम होने वाला था। इसमें 4 हजार से ज्यादा लोग शामिल होने वाले थे।

सांगियोट पंचायत के सरपंच मुख्तियाज खान ने कहा कि इफ्तार में मुझे भी जाना था। जब हमारे पांच जवान शहीद हो गए हैं, ऐसे में हम इफ्तार कैसे कर सकते हैं। हमें जब खबर मिली तो गांव में मायूसी छा गई। हम भी वहां जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस और सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। उन्होंने कहा कि गांव वाले शनिवार को ईद नहीं मनाएंगे। हम केवल नमाज अदा करेंगे।

#### अब तक 12 लोग हिरासत में

इस बीच सुरक्षा बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस बाटा-डोरिया क्षेत्र के घने जंगल में बड़ा तलाश अभियान चला रही है। ड्रोन और खोजी कुत्तों, हेलिकॉप्टर से आतंकियों की तलाशी की जा रही है। अब तक 12 लोग हिरासत में लिए गए है।

#### आतंकियों ने स्टिकी बम का इस्तेमाल किया, 36 राउंड गोलियां दागीं

IB रिपोर्ट के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि आतंकियों ने हमले के लिए स्टिकी बम का इस्तेमाल किया था। उन्होंने इस हमले को कटरा हमले के पैटर्न पर ही अंजाम दिया है। ढ्ढक्चने गृह मंत्रालय और ह्लढ्ढ को बताया कि ट्रक पर करीब 36 राउंड गोलियां दागी गई थीं। स्टील बुलेट का भी इस्तेमाल किया गया था।

#### ओडिशा और पंजाब के रहने वाले थे शहीद जवान

शहीदों की पहचान लांस नायक देबाशीष बसवाल, लांस नायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह, सिपाही सेवक सिंह और हवलदार मनदीप सिंह के रूप में हुई है। इनमें से लांस नायक देबाशीष बसवाल ओडिशा के रहने वाले हैं, अन्य चार शहीद पंजाब के निवासी हैं।

### तरनतारन में पकड़ी 4 किलो हेरोइन- तस्कर पुलिस से हाथापाई कर हुए फरार

**अमृतसर.** पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने तरनतारन इलाके में हरिके के पास से 4 किलो हेरोइन जब्त की है। जबकि दो तस्कर पुलिस के साथ हाथापाई करने के बाद मौके से भागने में सफल रहे। हाथापाई के दौरान हेरोइन से भरा बैग से नीचे गिर गया, जबकि आरोपी कार में साथी के साथ भागने में कामयाब रहा। पुलिस की गिरफ्त से भागे तस्करों की पहचान मोगा के धर्मकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते सैदजालपुरा निवासी सुनील कुमार उर्फ ??कालू और काली के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल में मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

#### फिरोजपुर बॉर्डर से आई हेरोइन

मिली जानकारी के अनुसार CI को एक मुखबिर से सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि कालू और काली सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हैं। उनके पाकिस्तान के तस्करों के साथ संबंध हैं। दोनों को हाल ही में फिरोजपुर बॉर्डर से पाकिस्तान से तस्करों द्वारा खेप भेजी गई है। यह खेप दोनों हरिके बस स्टैंड से पुराने पुल की ओर जाने वाली सड़क पर डिलीवरी देने के लिए पहुंच रहे हैं।

## एक नजर

### चारधाम यात्रा का श्रीगणेश- अक्षय तृतीया पर खुले गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट



**अक्षय** तृतीय के अवसर पर आज शनिवार को गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। गंगोत्री के कपाट 12॰13 मिनट पर खोल दिए गए। जबकि यमुनोत्री के कपाट 12॰41 मिनट पर खुलेंगे। गंगोत्री के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सुबह मां यमुना के मायके खरशालीगांव पहुंचे। यहां मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की। शुक्रवार को मुखबा से मां गंगा की डोली आर्मी बैंड की धुनों के साथ गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई थी। मां गंगा की विदाई के दौरान मुखबा गांव के ग्रामीण भावुक हो गए। शुक्रवार को चारधाम यात्रा औपचारिक रूप से शुरू हुई जबकि यात्रा का विधिवत आगाज शनिवार दोपहर को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हुआ।

### वर्ल्ड वॉर-2 में डूबे जहाज का मलबा मिला- इस पर सवार थे एक हजार ऑस्ट्रेलियाई कैदी



**ऑस्ट्रेलिया** के इतिहास के सबसे बड़े समुद्री हमले में डूबे जहाज का मलबा 81 साल बाद बरामद हुआ है। इसमें वर्ल्ड वॉर-2 के करीब 1,060 कैदियों की मौत हुई थी। ये जहाज जापान का स्स मॉन्टेवीडियो मारू था जिसका मलबा साउथ-चाइनी सी में मिला है। पिछले 12 दिन से एक नॉन-प्रॉफिट साइलेंटवर्ल्ड फाउंडेशन के वर्कर्स इसे ढूंढ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- मुझे उम्मीद है कि जिन लोगों की इस हादसे में मौत हुई थी उनके परिवार वालों को अब कुछ राहत मिली होगी। मलबा बरामद होने के बाद फैसला किया गया है कि उससे कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ईडी के खिलाफ लगी याचिकाओं को किया खारिज



**बिलासपुर** । प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ शुक्रवार को लगी याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। पिछली सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसे आज सुनाया गया है। जिसमें ईडी के खिलाफ लगे सभी आरोपों को तथ्यहीन पाते हुए याचिका को खारिज कर दिया गया। हाईकोर्ट में खुर्सीपारा गौतम नगर भिलाई के अभिषेक सिंह, समता कॉलोनी रायपुर के नितेश पुरोहित और अवंति विहार रायपुर की पिंकी सिंह ने हाईकोर्ट में ईडी के खिलाफ याचिका दी थी।

याचिकाकर्ता पिंकी सिंह ने ईडी की कार्रवाई पर उठाए सवाल

याचिका में कहा गया था कि ईडी के द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के तलाशी और जांच की गई। असंवैधानिक तरीके से जब्ती की गई। याचिकाकर्ता पिंकी सिंह ने अपनी याचिका में कहा कि उन पर की गई कार्रवाई सीआरपीसी की धारा 46(4) का उल्लंघन करती है। बिना अनुमति और वैध वारंट के उनके घर तलाशी ली गई। महिला से पूछताछ के दौरान पता चला कि जांच के लिए बने प्रावधानों का भी उल्लंघन किया गया।

हाईकोर्ट से याचिकाकर्ताओं ने की ये अपील

अभिषेक सिंह के साथ अमित सिंह ने भी जॉइंट याचिका पेश की थी। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने सीसीटीवी के सामने पूछताछ की मांग रखी। ईडी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक सौरभ पांडेय ने अदालत के समक्ष ईडी की तरफ से तर्क प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि शराब घोटालें में मुख्य अभियुक्त अरविंद सिंह हैं। याचिकाकर्ता पिंकी सिंह उनकी पत्नी हैं और अभिषेक सिंह उनके भतीजे हैं। साथ ही एक अन्य याचिकाकर्ता नितेश पुरोहित उनके करीबी मित्र हैं। सभी को सिर्फ जांच के दायरे में लिया गया है न कि अभियुक्त बनाया गया है।

हाईकोर्ट के समक्ष ईडी के वकील ने दी जानकारी


पिंकी सिंह के निवास से मात्र 2 मोबाइल बरामद हुए। अधिकारियों ने पूरी तरह से नियमों का पालन किया था।

सभी को जांच के दौरान सिर्फ पूछताछ करने के लिए बुलवाया गया था न कि उनकी गिरफ्तारी की गई है। पूछताछ की भी सारी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में नियमत ही हो रही है। ईडी के वकील ने बताया कि वकील की उपस्थिति में पूछताछ होने पर जांच प्रभावित होगी। सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हाऔर जस्टिस संजय अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई। अदालत ने तर्कों को सुनने के पश्चात ईडी के खिलाफ लगी याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि, मानहानि के मामले में सिविल कोर्ट में याचिका लगाने की अनुमति दी है।

## एक नजर

### जेल विभाग में हुआ तबादला

डीआईजी जेल एस?एस तिग्गा को रायपुर जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार, योगेश सिंह क्षत्री को रायपुर से अंबिकापुर ट्रांसफर


देखिए पूरी लिस्ट-

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में जेल विभाग में तबादले किए गए हैं। जिसमें रायपुर समेत अलग-अलग जिलों के जेलों में पोस्टेड अधीक्षक, सहायक और उप अधीक्षक के ट्रांसफर की लिस्ट जारी हुई है। इसमें रायपुर केंद्रीय जेल के जेल अधीक्षक योगेश सिंह छत्री को केंद्रीय जेल अंबिकापुर भेजा गया है। उनकी जगह जेल उप महानिरीक्षक एसएस तिग्गा को रायपुर केंद्रीय जेल के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं केंद्रीय जेल अधीक्षक अंबिकापुर आर आर राय को केंद्रीय जेल अधीक्षक दुर्ग बनाया गया है। उत्तम कुमार पटेल को केंद्रीय जेल रायपुर का अधीक्षक बनाया गया है, वो अभी महासमुंद में पदस्थ थे।

### भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष पर पुलिस ने किया मामला दर्ज, हेड स्पीच मामले में हुआ एक्शन



**रायपुर** । हेट स्पीच मामले की जांच में शुभांकर द्विवेदी के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और वैमनस्यता बढ़ाने के लिए इंटरनेट मीडिया में पोस्ट करने का दोषी पाया है। पुलिस ने भाजयुमो नेता के खिलाफ सिविल लाइन थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ड्ड) और 505(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। बतादें कि भाजयुमो नेता शुभांकर द्विवेदी ने अपने इंटरनेट मीडिया प्रोफाइल में बिरनपुर घटना से संबंधित एक घर के जलने के वीडियो को पोस्ट करते हुए 'बेमेतरा में हृदय को सुकून देने वाला आक्रोश' लिखकर पोस्ट किया था।

### अतिरिक्त प्रगणक लगाकर समय-सीमा में पूर्ण करें सर्वे का काम- कलेक्टर

**बिलासपुर** । छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के अंतर्गत 20 अप्रैल तक 2 लाख 45 हजार 493 परिवारों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। सर्वेक्षण के लिए अब 9 दिन बचे है। इस अवधि में बचे लगभग 90 हजार परिवारों का सर्वेक्षण किया जाना है। विदित हो कि जिले में चारों विकासखण्ड-बिल्हा, मस्तूरी, कोटा, तखतपुर मिलाकर 3 लाख 35 हजार 692 परिवारों के सर्वेक्षण का लक्ष्य रखा गया है।

## बेरोजगारी भत्ता योजना- जिले में अब तक 5 हजार 535 युवाओं ने किया आवेदन



**बिलासपुर** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2023 को बेरोजगारी भत्ता योजना का शुभारंभ किया। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। योजना के तहत जिले में अब तक 5 हजार 535 युवाओं ने आवेदन किया है। पूरे राज्य के 33 जिलों में आवेदन के मामले में बिलासपुर चौथे स्थान पर है। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर जिले में दस्तावेजों का सत्यापन क्लस्टर में किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में वार्डों के समूह का क्लस्टर बनाकर दस्तावेज सत्यापित किये जा रहे है, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज के सत्यापन के लिए अपने घर से दूर नहीं जाना पड़ रहा है। शहरी और ग्रामीण इलाके को मिलाकर कुल 107 सत्यापन केंद्र बनाए गए है। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 459 कर्मचारी तैनात किये गये है। कलेक्टर के निर्देश पर भीषण गर्मी के हालात को देखते हुए सत्यापन केंद्रों में आवेदकों के लिए बैठने, पानी, हवा और छाया की समुचित व्यवस्था की गई है। आवेदकों को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के लिए पहले से समय देकर बुलाया जा रहा है। सत्यापन के लिए जनपद पंचायत बिल्हा में 13 क्लस्टर, मस्तूरी में 25, कोटा में 20 और तखतपुर में 15, नगर निगम बिलासपुर में 16, बिल्हा नगर पंचायत में 3, मल्हार में 3, बोदरी में 3, कोटा में 3, रतनपुर में 3 और तखतपुर में 3 क्लस्टर इस प्रकार जिले में कुल 107 क्लस्टरों में सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। सत्यापन के लिए आए युवाओं का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा सत्यापन कार्य के लिए भी बहुत अच्छी व्यवस्था की गयी है। हमें एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जा रही है, इसके अलावा दूरभाष पर भी पृथक से सूचित किया जा रहा है।

## सिंहपुर में रेल हादसे के दौरान लोको पायलट की मौत के बाद, बिलासपुर में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ ने रेल प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

बिलासपुर । बिलासपुर में शुक्रवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ ने रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सिंहपुर में हुए भीषण रेल हादसे के बाद लोको रनिंग स्टाफ का आक्रोश बढ़ गया। लोको स्टाफ की मौत को लेकर रनिंग स्टाफ लड़ाई के लिए तैयार है। साथ ही रेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए न्यायिक जांच की मांग की है।




ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ ने लगाए रेल प्रशासन पर आरोप इस मामले के सामने आने के बाद लोको स्टाफ का आरोप है कि रेल प्रशासन उनसे तय नियमों के विपरीत काम ले रहा है। रनिंग स्टाफ 9 घंटे की जगह 14-14 घंटे काम कर रहा है। जिससे रनिंग स्टाफ को आराम नहीं मिल रहा है। इसी वजह से हादसे हो रहे हैं। यही नहीं रनिंग स्टाफ को ड्यूटी चेंज, रेस्ट रूम, लॉन्ग हॉल प्रेशर जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसियेशन ने इस हादसे को लेकर न्यायिक जांच की मांग की है। साथ ही सिस्टम को फैलियर बताते हुए दोषी अधिकारीयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सरकारी अस्पताल से डॉक्टर-स्टाफ नर्स ले गई थीं अपने नर्सिंग होम, प्रसूता-बच्चे की मौत पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज




सूरजपुर । सूरजपुर में सरकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर और दो स्टाफ नर्स के खिलाफ गैर इरादतन हत्या मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। करीब 15 दिन पहले ऑपरेशन के बाद नवजात और प्रसूता की मौत हो गई थी। प्रसूता को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से परिजनों ने उसे अंबिकापुर रेफर कराने के लिए कहा। आरोप है कि इस पर महिला डॉक्टर उसे अपने नर्सिंग होम ले गई थी। वहां जच्चा-बच्चे की मौत के बाद हो गई। जांच में चिकित्सक और कर्मियों की लापरवाही पाई गई। प्रशासन ने घटना के बाद नर्सिंग होम को सील कर दिया था।

डॉक्टर और स्टाफ नर्सों के निलंबन की होगी कार्रवाई

तिलसिवां में संचालित रश्मि नर्सिंग होम में पांच अप्रैल को ऑपरेशन के दौरान नवजात की मौत हो गई थी, वहीं शाम को 22 साल की प्रसूता ने भी दम तोड़ दिया था। मामले में परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया था। इस पर सीएमएचओ ने जांच कमेटी बनाई। जांच में पता चला कि नर्सिंग होम का संचालन जिला अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक डा. रश्मि सिंह करती हैं। इस पर कलेक्टर इफ्फत आरा ने डा. रश्मि सिंह को निलंबित करने के लिए हेल्थ सेक्रेटरी को पत्र लिखा है। वहीं सीएमएचओ ने प्रतिवेदन के आधार पर दो स्टाफ नर्सों को निलंबित करने के लिए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र भेजा है।

### मेडिकल कॉलेज ले जाना चाहते थे परिजन

रामानुजनगर के ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी पूजा साहू (22) पत्नी राम नारायण साहू को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने तीन अप्रैल को जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया था। जिला अस्पताल में चार अप्रैल तक उपचार के बाद भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और न ही प्रसव ही हो सका। तब परिजनों ने उसे मेडिकल कालेज अंबिकापुर के लिए रिफर कराने के लिए चिकित्सकों से चर्चा की। इस बीच जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डा. रश्मि सिंह ने उन्हें बताया कि सूरजपुर से लगे तिलसिवां में उनका नर्सिंग होम है। अंबिकापुर में जो इलाज मिलेगा, वह नर्सिंग होम में मिल जाएगा।

### महिला डॉक्टर झांसा देकर अपने नर्सिंग होम ले गई

इससे प्रभावित होकर परिजन उसे लेकर रश्मि नर्सिंग होम पहुंचे और भर्ती करा दिया। चिकित्सक ने आपरेशन में करीब 40 हजार का खर्च बताते हुए एडवांस में 10 हजार रुपये जमा करा लिए थे।

## चिरमिरी पुलिस ने नशे के सौदागर को धरदबोचा

आरोपीओ से नशे के 15 इंजेक्शन बरामद ।



**चिरमिरी।** जिले के चिरमिरी क्षेत्र में पुलिस ने दो नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसमें आरोपियों के पास से नशे के 15 इंजेक्शन बरामद करते हुए उन पर एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

सरगुजा संभाग में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस महानिरीक्षक से जारी आदेश के बाद से ही हर जिले में पुलिस द्वारा लगातार निजात अभियान के तहत सबसे शख्त से शख्त कार्रवाई की जा रही है जिसके अंतर्गत चिरमिरी पुलिस द्वारा नशीली इंजेक्शन से की बिक्री करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार पर लिया गया है। जिसमें आरोपियों से 15 नग इंजेक्शन को बरामद कर उन पर एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया गया है

टीचर की दरिंदगी

## गोद ली हुई चार साल की मासूम को तीन दिन भूखा बाथरूम में रखा था बंद

### चाइल्ड लाइन ने बच्ची को किया रेस्क्यू



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिलान्तर्गत खरसिया में सरकारी स्कूल की हेडमास्टर पर गोद ली हुई अपनी चार साल की मासूम बेटी पर दरिंदगी का आरोप लगा है। पड़ोसियों की शिकायत पर महिला बाल विकास और चाइल्ड लाइन ने बच्ची को रेस्क्यू किया है। शिक्षिका ने मासूम को तीन दिनों तक खाना नहीं दिया था और उसे बाथरूम में बंद कर दिया था। पड़ोसियों को इसका पता चला तो एक पत्रकार को सूचना दी गई। इसके बाद विभाग को पता चला और बच्ची को छुड़ाया जा सका।

आशा अग्रवाल पति रघुनाथ अग्रवाल बासंमुड़ा के प्राथमिक शाला की प्रभारी प्रधान पाठक हैं। वे खरसिया के सिंचाई (मांड) कॉलोनी में रहती हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने एक मासूम बच्ची को गोद लिया था। वह कुछ महीनों से बच्ची से मारपीट कर रही थीं।

तीन दिन से खाना नहीं दिया और उसे बाथरूम में बंद कर दिया। इस घटना की जानकारी कॉलोनी के लोगों को हुई। पत्रकार के माध्यम से महिला बाल विकास अधिकारी पुनीता दर्शन और एसडीओपी निमिषा पांडेय को सूचित किया गया। इसके बाद टीम शिक्षिका के घर पहुंची।

बाथरूम में बाहर से कुंडी लगी थी और बच्ची अंदर बंद थी। बाथरूम खोलकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची की हालत देखकर अफसर और साथ गए लोग सहम गए। बच्ची को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया है। उसे रायगढ़ में रखा है।

खरसिया एसडीओपी निमिषा पाण्डेय ने कहा कि महिला व बाल विकास विभाग और चाइल्ड लाइन से रिपोर्ट मिलेगी, फिर महिला से पूछताछ होगी। उसी आधार पर कार्रवाई करेंगे। हम अपने स्तर पर पता लगा रहे हैं कि बच्ची को उसने कहां से लाई। गोदनामे में लिया है कि नहीं। फिलहाल पता चला है कि शिक्षिका ने अंबिकापुर के एक परिचित के यहां से बच्ची लाई थी। महिला शासकीय सेवक है। रिपोर्ट और पूछताछ के बाद कार्रवाई करेंगे।

चाइल्ड लाइन प्रभारी दीपक डनसेना ने बताया महिला ने बच्ची को तीन दिन से बाथरूम में बंद किया था। ज्वुएनाइल जस्टिस और आईपीसी के तहत कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र लिख रहे हैं। रेस्क्यू करते हुए पुलिस भी थी, इसलिए वे सीधे भी कार्रवाई कर सकते हैं। बच्ची को सीडब्ल्यूसी में पेश किया है। उसकी काउंसलिंग कराई गई है। बिना तय प्रक्रिया के या गोदनामे के कोई भी दंपती या महिला किसी बच्चे को नहीं रख सकते।

## ब्राह्मण समाज शीर्षस्थ समाज है- राजेश्री महन्त जी

ब्राह्मण विश्व में सभी का कल्याण चाहते हैं





**जांजगीर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग चांपा नगर के परशुराम चौक के समीप आयोजित परशुराम भवन के भूमि पूजन एवं यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यहां पहुंचने पर विप्र समाज के द्वारा बाजे -गाजे के साथ अत्यंत ही आत्मीयता पूर्वक उनका स्वागत किया गया। उन्होंने इस अवसर पर विप्र समाज के प्रतिष्ठित मात्र शक्तियों को तथा समाज के प्रतिनिधित्व के रूप में श्री पुरुषोत्तम शर्मा जी को शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि ब्राह्मण विश्व में सभी का कल्याण चाहते हैं, वे न केवल मानव मात्र का अपितु संसार की समस्त प्राणियों का कल्याण चाहते हैं। धर्म शास्त्रों में कहा गया है- सर्वे भवंतु सुखिन्ः सर्वे संतु निरामया! सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित् दुःख भाग भवेत! अर्थात संसार में सभी सुखी हो सभी निरोगी हो यह महत्वपूर्ण कामना हमारे पूर्वजों ने संपूर्ण समाज के लिए किया है।

ब्राह्मण समाज पूरे समाज का शीर्षस्थ समाज है सभी लोग उन्हें अत्यंत आदर की दृष्टि से देखते हैं इसलिए हमें भी समाज के प्रति कृतज्ञ होनी चाहिए! उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्म मार्ग का भी निरंतर ध्यान रखना चाहिए नियमित भगवान की पूजा अर्चना के साथ स्वाध्याय भी होनी ही चाहिए ।कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री महन्त लाल दास जी महाराज पीठाधीश्वर बड़े मठ चांपा ने अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि -पहले यज्ञोपवित का कार्य मठ में ही संपन्न हो जाता था बाद के वर्षों में श्री पद्मेश शर्मा एवं उनके साथियों ने सामाजिक संगठन स्थापित करके इस कार्य को आगे बढ़ाया है ।इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

## हम सभी एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करते हुए पर्व मनायें : कलेक्टर

**कोरबा** । जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक ईद, अक्षय तृतीया-परशुराम जयंती मनाने से एक दिन पूर्व कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर संजीव कुमार झा ने कहा कि हमें हमारा धर्म जितना प्रिय है, उतना ही दूसरे को भी उनका धर्म प्रिय है। इसलिए सभी एक-दूसरे धर्म का आदर सम्मान करें। किसी का अपमान न करें, कुछ भी गलत नारे न लगायें कि उन्माद फैले और हुड़दंग हो। जिले में सभी आयोजन शांति पूर्वक संपन्न हो। हम सभी इंसान हैं, इसलिए पर्व को उल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनायें। कलेक्टर ने जिले की शांति व्यवस्था और सौहार्द्र को बिगाड़ने वाले लोगों पर नजर रखने के साथ कड़ी कार्यवाही की हिदायत भी दी है। उन्होंने जुलुस, शोभायात्रा आदि कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी के भी निर्देश दिए हैं।

# तालाबों को सहेजने कलेक्टर ने की पहल

## कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर 'कैच द रेन' के अन्तर्गत शुरू हुआ जल संरक्षण का एक और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

तालाब हमारे आस पास जन जीवन का अभिन्न अंग है। यह न केवल गांवों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल उपलब्ध कराते हैं बल्कि ग्रामीण जन जीवन और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महती भूमिका निभाते हैं। आज जब गर्मी की चपेट में आकर जल स्त्रोतों के सूखने की खबरें आती रहती है। ऐसे समय में रायगढ़ जिले में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और जरूरी पहल की है।





उन्होंने गांवों में ऐसे तालाब जिनका अस्तित्व सिमटता जा रहा था उसे फिर से पल्लवित कर उन्हें सहेजने की आधारशिला रखी है। कलेक्टर सिन्हा ने जिले में तालाबों के गहरीकरण और गाद-सफाई का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके लिए जिले के विभिन्न उद्योगों को भी जोड़ा गया है। प्रोजेक्ट के लिए जिले के 7 विकासखंड के 60 तालाब चिन्हांकित किए गए हैं। 42 तालाबों के गहरीकरण का कार्य शुरू भी कर दिया गया है। शेष के काम अगले कुछ दिनों में शुरू हो जायेंगे। ताकि बारिश के पहले तालाबों को गहरा कर उसकी साफ सफाई पूरी की जा सके। तालाब गहरीकरण का यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता लेकर किया जा रहा, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए जिला स्तर पर नोडल अफसर बनाया गया है। ताकि काम के डेली प्रोग्रेस को मॉनिटर किया जा सके। कलेक्टर सिन्हा ने जिले में जल प्रबंधन को टॉप प्रायोरिटी में रखा है। पिछले दिनों उनकी पहल पर 'केलो है तो कल है' की सोच के साथ केलो नदी संरक्षण प्रोजेक्ट की नींव नदी के उद्गम से रखी गई है। इसके साथ ही अब गांवों में जलस्त्रोतों को उनके पुराने स्वरूप देने का भी कार्य शुरू किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने इसके लिए उद्योग प्रतिनिधियों की विशेष बैठक लेकर कहा था कि किसी एक तालाब के गहरीकरण से उस गांव की कई जरूरतें एक साथ पूरी होती हैं। भू-जल का स्तर उठता है। निस्तारी के साथ ग्रामवासियों और पशुपालकों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए पानी उपलब्ध होता है। मछली पालन और दूसरी आर्थिक गतिविधियों की संभावनाएं बलवती होती हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए और मौजूदा हालात की जरूरत के आधार पर तालाबों के गहरीकरण और गाद सफाई का काम किया जाना है। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर तालाबों को चिन्हांकित कर अलग अलग उद्योगों को उनके पूरे कायाकल्प की जिम्मेदारी दी गयी है।

### हजारों सालों से ग्रामीण जीवन का हिस्सा हैं तालाब

तालाबों का इतिहास काफी पुराना है। हजारों सालों से लोग गांवों में तालाब को अंजुली बनाकर बारिश की हर एक बूंद को सहेजने का काम करते आ रहे हैं। जिससे जरूरत के साथ जल संकट के समय उसका उपयोग कर सके। पहले छोटे छोटे गांवों में दसियों तालाब हुआ करते थे। कई गांव और नगर तो सिर्फ तालाबों की संख्या और उसकी भव्यता से अंचल में अपनी विशेष पहचान रखते थे। राजा महराजा और शासक वर्ग समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने तालाब खुदवाया करते थे। विभिन्न ग्रंथों, लेखों और यात्रा वृतांतों में इसका उल्लेख है। गांव में जीवन चक्र भी तालाब के इर्द गिर्द घूमा करता था। सामाजिक संस्कारों से लेकर तैराकी और मछली पकड़ने जैसे कार्यों से मनोरंजन तक के लिए लोग तालाब पर आश्रित रहते थे।

## समाचार सार

केवल जीतने वालों को ही दिया जाएगा टिकट,

### मैं विधानसभा चुनाव लड़ूंगा या नहीं यह अभी तय नहीं- चरणदास महंत



**पेंड्रा।** विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने गौरेला में कहा कि सीएम सभी सीटों पर टिकट के लिए सर्वे करवा रहे। इससे स्पष्ट हो रहा है कि आगामी चुनाव में केवल जीतने वालों को ही टिकट दिया जाएगा। अभी यह तय नहीं है कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ूंगा या नहीं। मेरा घर सक्ति जिले में है और सक्ति वाले चाहते हैं कि मैं वहां से लड़ूं इसलिये मेरी पसंदीदा सीट सक्ति ही रहेगी। इसके अलावा उन्हाने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नारायणपुर की घटना से पता चल रहा है कि नक्सली फिर से सक्रीय हो गये है। सरकार सुरक्षा के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और नक्सलियों को खदेड़ दिया जाएगा। वहीं उन्होने कहा कि देश में संविधान के साथ जो छेड़छाड़ हो रहा है और संविधान की नीति रीति और निर्देशों का पालन नही हो रहा है और संविधान में अनावश्यक हस्तक्षेप हो रहा है इसको हम होने नहीं देंगे।

*वहीं कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि देष की जनता को देखना चाहिए कि लोकतंत्र में हर आदमी के हक को छीन लिया गया है। पार्लियामेंट में हमको बोलने नहीं दिया जाता है तो अब वो ही बता दें कि हमको कहां बोलना है और हक के लिये बोलने पर सदस्यता समाप्त की जाती है। चरणदास महंत और ज्योत्सना महंत एकदिवसीय गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के दौरे पर थे और गौरेला में मीडिया से बात करते हुये ये प्रतिक्रियाएं दीं।*

### अवैध शराब बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा** । थाना पामगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बोरसी निवासी प्रदीप भारद्वाज उम्र 39 वर्ष अपने कब्जे में महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है जिस पर रेड कार्यवाही किया गया, आरोपी प्रदीप के कब्जे से बिक्री हेतु अवैध रूप से महुआ शराब रखा मिला, जहाँ आरोपी के कब्जे से 02 प्लास्टिक जरीकेन में भरा अवैध महुआ शराब 30 लीटर बरामद किया गया। जिस पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 150 / 23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को दिनांक 18.04.23 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सनत कुमार मांत्रे सहायक उपनिरीक्षक निलमणि कुसुम, आरक्षक रज्जू रात्रे, संदीप डहरिया एवम थाना स्टाफ का योगदान रहा।


### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बुजुर्ग को रौंदा; मौके पर ही तोड़ा दम, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

**रायगढ़** । छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में औद्योगिक क्षेत्र थाना तमनार अंतर्गत हमीरपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर की ठोकर से यात्री प्रतीक्षालय में बैठे 70 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं प्रतीक्षालय और ठेला भी ट्रेलर की टक्कर से पूरी तरह चकनाचूर हो गया.

जानकारी के अनुसार, थाना तमनार अंतर्गत हमीरपुर में तेज रफ्तार वाहन क्रमांक ष्द 13 ड्डह्ल 2784 के चालक ने प्रतीक्षालय और ठेला को रौंदते हुए वृद्ध को अपनी चपेट में ले लिया. घटना में श्रद्धाकर निषाद की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घटना के बाद सरपंच सुरेश खंडाइत और उपसरपंच आशीष मिश्रा के नेतृत्व दर्जनों ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई को लेकर चक्काजाम कर दिया.

वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मिंज ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश दी. तहसीलदार तमनार लीलाधर चन्द्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 25 हजार रुपये और ट्रेलर मालिक ने 50 हजार रुपये तत्काल मौके पर मृतक परिवार को दिया।

## महानदी जल विवाद, दोनों राज्यों के दावों का परीक्षण करने पहुंची एनजीटी की टीम



**महासमुंद।** महानदी के जल बंटवारे को लेकर 40 साल से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच विवाद की स्थिति निर्मित है। दोनों राज्यों के दावों का परीक्षण करने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की टीम शनिवार सुबह रायपुर- महासमुंद के निसदा बांध पहुंचीं। यहां निरीक्षण उपरांत समोदा बैराज के लिए रवाना हो गयी। बता दें कि महानदी जल विवाद अधिकरण के आदेशानुसार, छत्तीसगढ़ स्थित महानदी बेसिन क्षेत्र में 2 चरणों में महानदी में जल की उपलब्धता और उपयोगिता का निरीक्षण होगा । 18 अप्रैल से प्रथम चरण प्रारंभ हुआ जो 22 अप्रैल तक चलेगा वहीं द्वितीय चरण 29 अप्रैल से 3 मई तक चलेगा। महानदी का पानी 53 प्रतिशत छत्तीसगढ़ और 46.5 प्रतिशत ओडिशा के पास है। इस पानी का अधिकतर उपयोग खेती के लिए किया जाता है। इसलिए इसे छत्तीसगढ़ की जीवनदायनी कहा जाता है। महानदी जल विवाद 1983 में शुरू हुआ। ओडिशा सरकार 19 नवम्बर 2016 को कोर्ट पहुंचा था, और 2017 में यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। ओडिशा और छत्तीसगढ़ दोनों के बीच विवाद न सुलझने पर केन्द्र सरकार ने 12 मार्च 2018 में ट्रिब्यूनल टीम भेजी। तीन सदस्यीय टीम आज सुबह निसदा बांध पहुंची, जहां रायपुर कलेक्टर, एसडीएम, जल संसाधन और ओडीशा के विभागिय अधिकारी मौजूद थे। टीम ने दोनों राज्यों के अधिकारियों का पक्ष सुना । रायपुर जल संसाधन के अधिकारी ने टीम को बताया कि निसदा व समोदा बैराज से आसपास करीब 200 गांवों का जल स्तर बढ़ता है, जिससे यहां गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत नहीं होती, इसके अलावा आरंग और महासमुंद के वासियों को महानदी जलावर्धन योजना से पानी की सप्लाई की जाती है। इसके साथ ही महानदी से लगे औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी के 60 से अधिक फैक्ट्रियों को भी यहां से पानी की सप्लाई होती है। महानदी से प्रतिदिन इन उद्योगों को 5 लाख लीटर पानी दिया जाता है। टीम ने निसदा बांध का निरीक्षण किया और वे समोदा बैराज के लिए रवाना हो गये।

## 10 दिन पूर्वएचडीएफसी बैंक सक्ति के सामने हुए उठाई गिरी में अब तक कोई ठोस सुराग नहीं

### स्टेशन रोड की दो चोरियों का अभी तक नहीं मिला सुराग

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

10 दिन पूर्व एचडीएफसी बैंक सक्ति के सामने हुए उठाई गिरी में एक ही संदेही के पीछे पुलिस शक्ति नगर में संचालित एचडीएफसी बैंक के सामने हुए उठाई गिरी के मामले में पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है।



### 2 महीने से अधिक समय बीतने जाने पर भी दुबे परिवार की चोरी का कोई सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

तीन महीने पहले बैंक के सामने निवासी तुलेश दुबे परिवार के घर लगभग 20 से 30 लाख की चोरी हुई थी आज तक पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई है इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह राजपूत ने कहा कि मेरे यहां आने से पहले की घटना है। इससे नवगठित जिला सक्ति पुलिस की चूस्त दुरुस्त व्यवस्था की पोल खुल गई है आपको बता दें कि विगत 10 अप्रैल 2023 को प्रार्थी सुरेंद्र कुमार गवेल पिता सम्मत दास उम्र 40 वर्ष निवासी नवापारा खुर्द थाना सक्ति जिला सक्ति का रहने वाला है 10 अप्रैल 2023 को घर से 4 लाख लेकर एक्सीस बैंक सक्ति सुबह करीब 10.45 बजे आया था अपनी पत्नी के सेविंग अकाउंट में 1 लाख को जमा किया लोन राशि 3 लाख जमा नहीं हुआ तो उसे थैला के अंदर रखकर एचडीएफ सी बैंक शाखा सक्ति गया वहां कुछ रुपए जमा करना था करीब 11.35 एचडीएफ सी बैंक सक्ति से घर जाने के लिए बाहर निकला और थैला में रखे पैसा को मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर जाने वाला था उसी समय एक व्यक्ति बोला कि आपका पैसा जमीन में गिरा है तब मैं उस पैसा को उठाने लगा उसके बाद अपने मोटरसाइकिल के पास आया तो डिक्की का चैन खुला हुआ मिला अंदर रखा हुआ 3 लाख रूपये थैला सहित नहीं था कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे मोटरसाइकिल के बैग वाले डिक्की में रखे 3 लाख को चोरी करके ले गया था घटना के बारे में अपने दोस्त राजकुमार और कैलाश को बताया आसपास पता तलाश किए कोई पता नहीं चला पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक संदेही युवक पर शंका है उसकी खोजबीन जारी है अगर पुलिस थोड़ा मेहनत करें तो चारों युवक का फुटेज सामने आ सकता है बाहर हाल पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 104/23 भारतीय दंड विधान की धारा 379 के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना आरंभ कर दी है वही पुलिस की माने तो पुलिस उठाई गिरी करने वालों को जल्द पकड़ने की बात कह रही है दूसरी और घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथों कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है बहरहाल नवगठित जिला शक्ति नगर में दिनदहाड़े हुई उठाई गिरी की घटना से पुलिस की चुस्त.दुरुस्त व्यवस्था की पोल खोल दी है।

** टीम लगी हुई है एवं साथ में साइबर टीम भी लगी है चोरों को इस हफ्ते में पकड़ने की संभावना है।*

***प्रवीण सिंह राजपूत, थाना प्रभारी सक्ती***

## बाक्सिंग कोच ट्रेनिंग कैम्प में 3 खिलाडी चयनित

**कोरबा** । इंडियन बाक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से छग बाक्सिग संघ द्वारा आयोजित बाक्सिंग कोच ट्रेनिंग कैम्प में कोरबा के दउवाए यादवए ईश्वर दास तथा सुभम प्रजापति का चयन किया गया है। इंडियन बाक्सिंग फेडरेशन द्वारा जमीनी स्तर पर योग्य बाक्सिंग खिलाड़ियों को सही ट्रेनिंग और मार्गदर्शन देने के लिए सभी राज्यों में कोच ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जा रहा है। भिलाई में आयोजित कोच ट्रेनिंग कैम्प में भारतीय टीम के पूर्व बाक्सिंग कोच द्रोणाचार्य अवार्डी शिव सिंह ट्रेनिंग दे रहे हैं। 7 दिवसीय कैम्प में प्रशिक्षित कोच अधिकृत रूप से छत्तीसगढ़ में बाक्सिंग खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकेंगे। बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष शशि सिंह तथा सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने कोरबा से तीन खिलाड़ियों दउवा यादव, ईश्वर दास, शुभम प्रजापति का चयन होने पर खुशी जाहिर किया है, इसका लाभ कोरबा के नये और प्रतिभावान बाक्सिंग खिलाड़ियों को मिलेगा।

## भारतीय संविदा मजदूर महासंघ का गठन

कोरबा 22 अप्रैल (आरएनएस)। भारतीय मजदूर संघ औद्योगिक संयंत्रों में ठेका कामगारों के हक की लड़ाई लड़ रही है। इसे लेकर संयंत्रों में असंगठित मजदूरों का संगठन तैयार किया जा रहा है। इस कड़ी में डीएसपीएम ताप विद्युत गृह में भारतीय संविदा मजदूर महासंघ का गठन किया गया है।

महासंघ में कार्यकारी अध्यक्ष तिहारू दास महंत, सचिव सूरजभान महंत, उपाध्यक्ष संतोष दास महंत, राधेश्याम यादव, सहसचिव गंगा दास महंत, विजय पाटले, कोषाध्यक्ष रामचरन यादव साथ ही 8 कार्यसमिति सदस्य निर्वाचित हुए हैं। बैठक में उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, जिला मंत्री नवरतन बरेठ, बिजली कर्मचारी संघ सचिव लोचन दास महंत, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर खूंटे, उपाध्यक्ष गुरुनंदन प्रसाद राजवाड़े उपस्थित मौजूद रहे।

## पानी की समस्याओं से लोगों में त्राहि-त्राहि सा मंजर

### नगर पालिक निगम मात्र प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गया- संतोष कुमार सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

चिरमिरी शहर में पानी की समस्याओं से गुजरने वाले लोगों ने अपना दर्द जाहिर किया, जिसके साथ ही नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष, वार्ड नंबर 1 के पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार सिंह ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुएए लोगों को हो रहे पानी की समस्याओं के लिए वर्तमान शासन एवं नगर पालिक निगम को जिम्मेदार माना है,













जहां भीषण गर्मी का अप्रैल महीना अपने चरम पर है और लोगों को पानी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, जिस पर क्षेत्र के जनता प्रतिनिधियों द्वारा लोगों के हित के लिए कोई सकारात्मक कदम या प्रयास लेते या करते नहीं देखा गया है, जनता प्रतिनिधियों की जुमलेबाजी सुनने से ऐसा लगता है मानो शहर में नदी बहा दी गई हो मगर जब धरातल से जुड़ कर सच्चाई को देखा और समझा गया तब देखने मिला की मात्र मुंह जुबानी जनसेवा ही क्षेत्र के जनता प्रतिनिधियों द्वारा किया गया, ना इन लोगों के पीड़ा की सूद लेने वाला कोई नजर आया ना ही इनकी तकलीफों को अब तक कोई समझ पाया है।

जिसके साथ ही उन्होंने निगम पर निशाना साधते हुए यह भी बताया कि चिरमिरी शहर में तो पानी की समस्याओं से लोग लंबे समय से पीड़ित हैं, जिसका साक्ष्य सभी 40 वार्डों में जा कर देखा जा सकता है, यही हाल वार्ड नंबर 1 का भी है जहां इस वार्ड के चित्ताझोर पोंड़ी में जिस हैंडपंप को नगर पालिक निगम द्वारा उखाड़कर ले जाया गया था जहां समरसेवल पंप से लोगों को पानी की सुविधा दी जानी थी, जिसके बाद बार बार बिगड़ते हुए पंप की मरम्मत वहां के लोगों द्वारा और नेता प्रतिपक्ष संतोष कुमार सिंह द्वारा कई बार करवाई गईए जिसके बाद पंप के फिर से बिगड़ जाने पर नगर पालिक निगम द्वारा उस पंप को भी ले जाया गया मगर जो कि आज तक बन ना सका, इसके लिए संतोष कुमार सिंह एवं लोगों ने नगर पालिक निगम को ही जिम्मेदार ठहराते हुए अपनी समस्याओं को सामने रखा है। अब देखना यह होगा की जनता-जनार्दन की तकलीफों और समस्याओं के सामने आने के बाद शासन पर बैठे जुमलेबाजी करते हुए जनता प्रतिनिधियों द्वारा मात्र विपक्षी पार्टी पर आरोप प्रत्यारोप के पुराने हथकंडे ही अपनाए जाएंगे या राजनीति के इस खेल से हट कर जिस लिए जनता ने वर्तमान शासन को चुना है और जो कर्तव्य नगर पालिक निगम चिरमिरी का है, उस पर भी ध्यान दिया जाएगा या फिर अपने पुराने रव्वए को बरकरार रखते हुए लोगों की समस्याओं को मात्र नजरंदाज ही किया जाएगा।



# बैकलेस ड्रेस में श्रिया सरन ने बिखेरा जलवा, तस्वीरें देख थमी फैंस की सांसें

**श्रिया सरन ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बैकलेस ड्रेस पहना हुआ है जिसमें उनकी हॉटनेस इंटरनेट पर कहर बरपा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। साउथ और बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रिया सरन आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर चर्चाओं में रहती हैं।**

एक्ट्रेस हर बार अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया का टैम्परेचर हाई कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपने लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री श्रिया ने बेहद ही रिवीलिंग बैकलेस थाई हाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है। श्रिया सरन का ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। हालांकि लोग उनकी तारीफ करते हुए भी नहीं थक रहे हैं। कानों में इयरिंग्स, बालों को स्टाइल कर के और साथ ही ग्लैमरस मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपना फोटोशूट करवाते हुए कैमरे के सामने अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। श्रिया सरन के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार दृश्यम 2 में देखा गया था। जिसमें उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# लॉकअप 2 में हुई निक्की तंबोली की एंट्री

**सलमान खान के शो बिग बॉस के बाद अब दर्शकों के बीच कंगना रनौत के लॉकअप सीजन 2 की चर्चा है। हर कोई इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, तो वहीं सोशल मीडिया पर भी लॉकअप 2 से जुड़ी बड़ी-बड़ी जानकारियां सामने आ रही हैं। एकता कपूर अपने इस शो को काफी ग्रैंड बनाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। इस वजह से इस रियलिटी शो के लिए टीवी के कई बड़े स्टार्स को अप्रोच किया गया है। लॉकअप 2 (Lock Upp 2) की टीम ने बिग बॉस के कई कंटेस्टेंट से भी बात की। वहीं, अब एकता कपूर के इस शो के लिए निक्की तंबोली को अप्रोच किया गया है, जो बिग बॉस में धमाल मचा चुकी हैं।**

दरअसल एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निक्की तंबोली, एकता कपूर के रियलिटी शो लॉकअप 2 में धुंआ उड़ा सकती हैं। निक्की तंबोली और शो के मेकर्स के बीच अभी बातचीत जारी है और अगर सब कुछ तय हो जाता है तो एक्ट्रेस इस शो में दमदार एंट्री मारेंगी। निक्की तंबोली का एकता कपूर के शो में आना टीआरपी के लिए काफी फायदेमंद होगा। बिग बॉस 14 में निक्की के बेबाक अंदाज को काफी पसंद किया गया था। लोगों की डिमांड पर निक्की शो में वापिस भी आई थीं। ऐसे में अगर वह लॉकअप में आती हैं, जो यह फैंस के लिए एक ट्रीट होगी। बता दें कि लॉकअप का पहला सीजन एकता कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लेकर आई थीं, जिसे दर्शकों का अच्छा खासा रिस्पॉन्स मिला। इसे देखते हुए ही अब लॉकअप 2 टीवी पर ऑन एयर होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो जी टीवी पर शुरू होगा। इस शो को अपनी पहली कंफर्म कंटेस्टेंट भी मिल गई है। अर्शी खान ने खुद पैपराजी को बताया कि वह लॉकअप 2 में आने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वहीं, कृष्णा गौतम की भी मेकर्स से बातचीत जारी है।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी और भूमि पेडनेकर की अफवाह का ट्रेलर जारी, 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी बीते काफी समय से अपने निजी विवादों के कारण चर्चा में थे। उनकी कई फिल्में भी रिलीज के लिए अटकी हुई थीं। अब उनकी पेशेवर जिंदगी पटरी पर लौटती नजर आ रही है। कुछ दिन पहले ही उनकी फिल्म जोगीरा सारा रारा के रिलीज डेट की घोषणा हुई थी। अब उनकी फिल्म अफवाह का ट्रेलर भी आ गया है। इस फिल्म में नवाज और भूमि पेडनेकर की जोड़ी देखने को मिलेगी।

सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित यह फिल्म 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पहले यह फिल्म 24 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। इसका निर्माण अनुभव सिन्हा की प्रोडक्शन कंपनी बनारस मीडियावर्क्स ने किया है। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म में नवाज और भूमि के साथ शारिब हाशमी, सुमित व्यास और सुमित कौल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। ट्रेलर से पहले अनुभव सिन्हा ने पोस्टर जारी करके फिल्म की रिलीज के बारे में बताया था।

एक बार फिर से अनुभव सिन्हा सामाजिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि पर फिल्म लेकर आए हैं। फिल्म की कहानी एक युवा नेता, उसकी मंगेतर और एक सामाजिक कार्यकर्ता के इर्द-गिर्द घूमती है। इन तीनों की जिंदगी में उस वक्त भूचाल आ जाता है, जब भूमि और नवाज के किरदार का एक झूठा वीडियो तेजी से वायरल होता है। अफवाह तो है, पर फिक्र किसे है?

# सिटाडेल के प्रमोशन में स्टाइलिश दिखीं सामंथा रुथ प्रभु, डायमंड नेकलेस पर अटकीं सबकी नजरें



सिटाडेल के प्रमुख कलाकार प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन अपनी आगामी वेब सीरिज के प्रमोशन के लिए लगातार जर्नी कर रहे हैं. इस महीने की शुरुआत में मुंबई में एक प्रीमियर के बाद, उन्हें मंगलवार को लंदन में आयोजित सिटाडेल के वैश्विक प्रीमियर में देखा गया था. रेड कार्पेट इवेंट में उनके साथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु भी थी, जो जल्द ही शो के भारतीय वर्जन में वरुण धवन के साथ दिखाई देंगी. बुधवार को समांथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर सिटाडेल प्रीमियर से अपनी तस्वीरें साझा कीं. सामंथा ने फोटो में डाउनटाउन लंदन के शानदार स्काईलाइन के सामने पोज दिया. अपने कैप्शन में, सामंथा ने लिखा, सिटाडेल के वैश्विक प्रीमियर के लिए. एक शाम याद करने के लिए !! सामंथा ने फैशन डिजाइनर विक्टोरिया बेकहम की तरफ से डिजाइन की गई हाई वेस्ट ब्लैक स्कर्ट पहनी और एक मैचिंग ब्लैक क्रॉप टॉप के साथ इसको पेयर किया. उन्होंने इवेंट के लिए बुलगारी का डायमंड स्टेटमेंट नेकलेस और मैचिंग ईयररिंग्स और एक चंकी डायमंड ब्रेसलेट पहना था. एक्ट्रेस के लुक पर डायमंड नेकलेस ने चार चांद लगा दिए थे, वो इन फोटोज में बेहद खूबसूरत लग रही थीं.

एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनालिटी कुशा कपिला ने सामंथा की पोस्ट पर कमेंट किया, स्लेमंथा. एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने कमेंट करके लिखा, ओह माय गॉड (हार्ट इमोजी). सिंगर सोफी चौधरी ने लिखा, स्टनर. एक और टिप्पणी पढ़ी, सामंथा रॉयल्टी प्रभु.

सामंथा साल की शुरुआत से ही कार्यक्रमों में काफी बिजी हैं .

## खेल

# दिल्ली ने आखिरकार जीत दर्ज की



**नयी दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजों के नायाब प्रदर्शन के बाद कप्तान डेविड वॉर्नर (57) के शानदार अर्द्धशतक की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की।**



वर्षाबाधित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर 127 रन पर ऑलआउट हो गयी। दिल्ली ने यह लक्ष्य 19.2 ओवर में हासिल करके अंक तालिका में अपना खाता खोला।

दिल्ली के बल्लेबाजों ने अपने निराशाजनक प्रदर्शन से इस मैच को भी रोमांचक बना दिया। वॉर्नर के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका, जिसके कारण टीम को आखिरी ओवर में सात रन की दरकार थी। अक्षर पटेल (19 नाबाद) ने शुरुआती दो गेंदों पर चार रन लिये, जबकि कुलवंत खेजरोलिया ने दूसरी गेंद पर नो बॉल फेंककर दिल्ली का काम आसान कर दिया। अक्षर ने अंतत: आधिकारिक दूसरी गेंद पर दो रन भागकर दिल्ली की पहली जीत सुनिश्चित की।

दिल्ली के लिये पारी की शुरुआत करने उतरे वॉर्नर शुरू से ही लय में नज़र आये। वॉर्नर ने उमेश यादव को चौका लगाकर अपना खाता खोला, जबकि अगले ओवर में कुलवंत खेजरोलिया को दो चौके लगाये। उनके जोड़ीदार पृथ्वी शॉ ने भी चौके के साथ शुरुआत की लेकिन 13 रन पर उनकी एक और निराशाजनक पारी का अंत हुआ।

वॉर्नर इस बात से बेअसर रहे और सुनील नरेन को चार चौके जड़कर पावरप्ले समाप्त किया। कप्तान नीतीश ने अंतत: दिल्ली की धीमी पिच पर अपनी ऑफ-स्पिन का फायदा उठाते हुए मिचेल मार्श का विकेट चटकाया। अपना पहला आईपीएल मैच खेल रहे फिलिप सॉल्ट भी मात्र पांच रन ही बना सके।

केकेआर के स्पिनरों ने धीरे-धीरे विकेट चटकाते हुए मैच पर पकड़ बनानी शुरू कर दी। शुरुआती 25 गेंद पर 45 रन बनाने वाले वॉर्नर को अर्द्धशतक पूरा करने में 33 गेंदों का समय लगा और वह अंतत: 41 गेंद पर 11 चौकों सहित 57 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

वॉर्नर को आउट करने वाले वरुण चक्रवर्ती ने उस ओवर में कोई रन न देकर दिल्ली को दबाव का एहसास करवाया।

दिल्ली की दुविधाएं यहां भी समाप्त नहीं हुईं और मनीष पांडे (22 गेंद, 21 रन) ने पिच पर पांव जमाने के बाद लॉन्ग ऑन को कैच देकर अपना विकेट गंवा दिया। अमन हाकिम खान शून्य रन का योगदान देकर आउट हो गये।

दिल्ली अब तीन ओवर में जीत के लिये 15 रन चाहिये थे, जबकि केकेआर जीत से सिर्फ चार विकेट दूर थी। चक्रवर्ती ने 18वें ओवर में मात्र तीन रन दिये और ललित यादव को लगभग आउट भी कर दिया। नीतीश ने भी 19वें ओवर में मात्र पांच रन दिये, हालांकि अक्षर को आउट न कर पाना उनके लिये भारी पड़ा। दिल्ली के मैच-जिताऊ हरफनमौला आखिरी ओवर से पहले 19 गेंद पर 13 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने आखिरी ओवर की शुरुआती तीन गेंदों पर छह रन लिये, जबकि दिल्ली को सातवां रन नो बॉल की मदद से मिल गया। अक्षर 22 गेंद पर 19 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे और दिल्ली को चार विकेट से जीत दिलाई।

## एक नजर

### हीरोज़ की जीत में चमके अमन




**नयी दिल्ली ।** इआईएमआई हीरोज़ ने अमन सिंह की तिकड़ी की मदद से फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीजन लीग में कॉसमॉस एफसी पर 6-3 की जीत दर्ज की। अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गये रोमांचक मुकाबले में अमन ने कुल चार गोल किये।कॉसमॉस के लिये भूपेंद्र ने दो गोल जमाये। इसी बीच, नेहरू स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में जुबा संघा ने महिप की तिकड़ी से कॉलेजियंस को 4-0 से हराया। इस जीत के साथ जुबा संघा के चार मैचों में 12 अंक हो गये हैं। दिन के अन्य मैचों में दिल्ली कैंट ने रोहिणी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। दिल्ली कैंट के विशाल ने आत्मघाती गोल किया जिसे शिवम चौधरी ने दो मिनट बाद बराबर कर दिया।

बीबी स्टार्स ने हंस को 4-1 से और अशोका ने रॉयल बंगाल को 2-1 से पराजित किया। बीबी स्टार्स के गोल यूसुफ, अक्षय, हिमांशु और सुशांत ने किये। अशोका के लिये जय सिंह और आर्यन ने गोल बनाये।

### फीफा अंडर 20 विश्व कप अधिकारियों की नियुक्ति




**जिनेवा ।** फीफा ने अर्जेंटीना में 20 मई से 11 जून तक होने वाले फीफा अंडर-20 विश्व कप 2023 के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी।

फीफा रेफरी समिति द्वारा 25 रेफरी और 38 सहायक रेफरी का चयन किया गया था और 18 वीडियो मैच अधिकारी भी इस सूची में शामिल हैं।

फीफा शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में अपने मुख्यालय में टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के लिए ड्रॉ की मेजबानी करेगा। फीफा ने कहा कि रेफरी और मैच अधिकारी टूर्नामेंट के शुरू होने से कुछ दिन पहले अंतिम तैयारी में भाग लेंगे।

फीफा अंडर-20 विश्व कप की भाग लेने वाली टीमें अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, इंग्लैंड, फिजी, फ्रांस, ग्वाटेमाला, होंडुरास, इराक, इजरायल, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, सेनेगल, स्लोवाकिया, गाम्बिया, ट्यूनीशिया, उरुग्वे, अमेरिका और उज्बेकिस्तान हैं।

# बेंगलुरु की पंजाब पर जीत में चमके फाफ डुप्लेसी और सिराज



**मोहाली ।** फाफ डुप्लेसी (84) और विराट कोहली (59) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (21 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को आईपीएल मुकाबले में 24 रन से हरा दिया।

बेंगलुरु ने 20 ओवर में चार विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और पंजाब को 18.2 ओवर में 150 रन पर ढेर कर दिया। सिराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर चार विकेट झटके। सिराज ने 18वें ओवर में दो खिलाड़ियों को बोल्ड भी किया। वानिंदु हसरंगा को 39 रन पर दो विकेट मिले जबकि वेन पार्नेल और हर्षल पटेल के हिस्से में एक-एक विकेट आया।

एक समय ऐसा लग रहा था कि जितेश शर्मा और हरप्रीत बराड़ पंजाब का बेड़ा पार लगा देंगे लेकिन बेंगलुरु की गेंदबाजी के हीरो रहे मोहम्मद सिराज जिन्होंने चार विकेट तो लिए ही लेकिन एक जरूरी रन आउट भी किया। हसरंगा ने भी दो विकेट झटके और शॉर्ट थर्ड मैन से नॉन स्ट्राइकर एंड पर कप्तान सैम करन को रन आउट किया। पंजाब की तरफ से प्रभसिमरन सिंह ने 30 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 46 और जितेश शर्मा ने 27 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों के सहारे 41 रन बनाये।

# व्यस्ततम हॉकी वर्ष में फिटनेस पर है भारतीय टीम का ध्यान : रोहिदास



**बेंगलुरु ।** एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के यूरोप दौरे की तैयारी में जुटे अनुभवी भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास ने कहा कि व्यस्ततम हॉकी वर्ष में टीम का ध्यान मुख्यत: अपनी फिटनेस बनाये रखने पर केंद्रित है।

भारतीय टीम का 39-सदस्यीय कोर ग्रुप यूरोप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबलों के लिये कमर कस रहा है। भारतीय टीम लंदन में बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अपने दौरे की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वे नीदरलैंड के आइंडहोवन में अर्जेंटीना और मेजबान नीदरलैंड का सामना करेंगे। राउरकेला में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अविजित रहने के बाद भारत प्रो लीग अंक तालिका में शीर्ष पर है। रोहिदास ने हॉकी इंडिया के साथ बातचीत में कहा, पिछली बार लीग में हम तीसरे स्थान पर रहे थे। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हमने आम तौर पर घर में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन चुनौती तब होती है जब हम विदेश में खेलते हैं और इस बार हमारा लक्ष्य जीत की लय को बनाये रखना है। रोहिदास ने कहा, हम चल रहे शिविर में वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, फिटनेस पर ध्यान दे रहे हैं।

# हर्षोल्लास से मनाया गया त्यौहार तय वक्त पर ईद उल फितर की अदा की गई नमाज

## देश में अमन चैन और खुशहाली की मांगी दुआएं





जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

शुक्रवार की शाम शव्वाल का चांद दिखाई देने के बाद शनिवार सुबह ईद मनाई गई। जिले का मुख्य विभिन्न ईदगाह में जैसे कि मानपुर एमहागावांए मिलपारा ईदगाह हुआ।


इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम ईदगाह पर नमाज अदा करते नजर आए वही मुसलमान भाई आपस में एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद एक दूसरे को दिए वह कब्रिस्तान में जाकर मरहूम लोगों के लिए साथिया वाह दुआएं मांगी। तो वहीं जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुदब्बीर आलम के अगुवाई में ईद की नमाज की नियत बताई गई वाह साथ ही नमाज की नियत बता कर लोगों को नमाज सही तरीके से पढ़ने को भी कहाएए नमाज से पहले इमाम के द्वारा आवाम को खुद बा सुनाया जाता है उसके बाद 2 रकात नमाज अदा की जाती हैए नमाज के बाद इमाम के द्वारा मुसलमान समुदाय के लोगों की भलाई के लिए वाह साथी अमन चैन की दुआ समस्त समुदाय के लोगों के लिए की जाती है साथी जो बीमार है कब्रों में आराम फरमा रहे हैं लोगों के लिए दुआएं की जाती है। ईद खुशियों का त्योहार है इसका मुस्लिम समुदाय के लोगों में बेसब्री से इंतजार रहता है चांद के दीदार से जैसे रमजान महीने की शुरुआत होती है, वैसे ही रमजान के आखिरी दिन चांद नजर आने के बाद ही ईद मनाई जाती है 22 मार्च 2023 को चांद दिखने के साथ भारत में 23 मार्च से रमजान के महीने की शुरुआत हो गई है। तो वही एक महीने तक लगातार रोजा रखने के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। इस बार भारत में ईद का त्योहार 22 अप्रैल को मनाया गया, अरब देशों में अगर 21 अप्रैल को चांद दिखाई नहीं देता है तो 23 अप्रैल को ईद मनाई जा सकती है। इस दिन लोग एक दूसरे को अपने घर पर बुलाकर सेवई और मिठाइयां खिलाते हैं।

### ईद और चांद का रिश्ता

ईद उर्दू कैलेंडर यानी हिजरी के हिसाब से मनाई जाती है, उर्दू कैलेंडर का 9वां महीना रमजान का होता है जो आमतौर पर 29 या 30 दिनों का होता है। इसके बाद 10वां महीना शव्वाल शुरू होता है, जिसकी पहली तारीख को ही ईद मनाई जाती है। उर्दू कैलेंडर का हर महीना चांद को देखकर शुरू होता है। जब नया चांद दिखाई देता है तो ही नया महीना शुरू होता है। इसी नए चांद को देखकर ईद शव्वाल का महीना शुरू होता है। कभी-कभी इसी चांद को लेकर मुसलमानों में मतभेद हो जाता है, जिसकी वजह से दो ईद हो जाती है।

### कैसे तय होता है नया चांद

*चांद पृथ्वी का चक्कर लगाता है विज्ञान के अनुसार अगर पृथ्वी अपनी जगह ठहरी रहे चांद परिक्रमा करता रहे तो 27 दिन में चांद पृथ्वी का एक चक्कर पूरा कर लेता है। लेकिन चांद के साथ पृथ्वी भी घूमती है। जिसकी वजह से पृथ्वी और चांद का एक चक्कर 29 दिन और कुछ घंटों में पूरा होता है। एक चक्कर को पूरा हो जाने के बाद जो चांद दिखता हैए उसे नया चांद कहा जाता है।*



# सदा अमर रहेगी महिलाने–उमेश अग्रवाल



जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

वार्ड क्रमांक 30 कयाघाट निवासी घसनिन बाई महिलाने के दशगात्र में जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल शामिल हुए महिलाने के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को अमर बताया। धार्मिक मिलनसार शंकर महिलाने की माता के निधन पर जिला भाजपा परिवार की ओर से भी शोक व्यक्त किया।

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतृप्त परिवार को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना भी की है। श्रद्धांजलि के दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन कुर्रे, भाजपा नेता प्रदीप श्रृंगी, नगर दक्षिण मंडल भाजयुमो महामंत्री सुजीत लहरे, जिला युवा मोर्चा मंत्री रामजाने भारद्वाज मौजूद रहे।

# ईद और अक्षय तृतीया से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने दो विशेषज्ञ चिकित्सक मालखरौदा में चिकित्सा सेवा देंगे

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।



मालखरौदा ब्लॉक अब तक स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के सेवा से वंचित रहा है नवीन जिला सक्ती बनने के उपरांत तत्कालीन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मालखरौदा क्षेत्र के आम जनों हेतु बेहतर स्वाथ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ संजय अग्रवाल को चिकित्सा सेवा प्रदान करने हेतु आदेशित किया है ज्ञात हो की मालखरौदा में ऑपरेशन थिएटरए प्रसव कक्षए लेबर वार्ड रिनोवेशन कार्य किया जा रहा है। जल्द ही मालखरौदा ब्लॉक में सिजेरियन आपरेशन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही वर्षों से शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सक्ती वंचित रहा है। नवीन जिला सक्ती बनने के उपरांत कलेक्टर के प्रयासों से सक्ती जिले में शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ राजेश बंजारे की सेवा सक्ती जिले के आमजनों को मुहैया कराई जाएगी। सक्ती स्थित एमसीएच अस्पताल में शिशु वार्ड निर्मित किया जा रहा है तथा गहन नवजात एवं शिशु चिकित्सा इकाई बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे है। स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के हर संभव प्रयास कलेक्टर द्वारा किए जा रहे है। लगातार जिले अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सक्ती कलेक्टर द्वारा नवीन जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण, अस्पताल मे मिलने वाली सुविधाओं, सफ ई व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच मार्ग, स्वास्थ्य केंद्र में बिजली पानी की व्यवस्था का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है और समस्याओं का निदान किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में निरंतर स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु प्रयासरत हैं। सक्ती में जिला स्तर पर स्वास्थ्य जन चौपाल, सुरक्षित मातृत्व प्रसव, कुपोषण मुक्त सक्ती हेतु स्नेहित्त कार्यक्रम का संचालन सतत किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति में सेवानिवृत सदस्यों का सम्मान

## *-चौदह लाख नौ हजार आठ सौ तैंतीस रुपये का चेक मिला, सेतीस रिटायर्ड सदस्य शामिल हुए*

**भिलाई नगर** । छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति सेक्टर 1 भिलाई में भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत 37 सदस्यों का सम्मान किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष जवाहर वर्मा थे ।विशेष अतिथि संचालक शैलेन्द्र कुमार लाल सिंह उईके प्रत्यायुक्त हेमंत नेताम थे ।37 सदस्यों को संस्था के अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल प्रदान कर पुष्प माला से स्वागत कर चेक वितरण किया गया ।सेवानिवृत हुए सदस्यों में सुरेश कुमार को 23580रुपये- जीवन लाल वर्मा 57825को रुपये- संजय कुमार झा 21511-श्रीमती कल्याणी बाई 24785/- नरेन्द्र कुमार 25261/- इंन्द्र कुमार 85030/- दिलीप कुमार यदु 21725/- होमन राव जाधव 68200/- गोपाल प्रसाद शुक्ला 56074/- प्रेमलाल गिलहरे 9564/- रामकुमार देवांगन 51925/- अरविंद कुमार इंगवाले 15605/- कैलासकुमार कश्यप 21160/- विजय कुमार जायसवाल 41878/- कृपाराम ध्रुवे 15880/- एस के राज 58690/- कुलदीप प्रसाद? 23838/-सुरेन्द्र प्रताप सिंह 88388/- के पापा राव 20130/- निरंजन नायडू 17472/- अशोक कुमार 12426/-चन्द्रशेखर सिंह 44905/-आनंद राम मेश्राम 50810/-मोहन दलई 11085/-मनोहर आगलावे 85501/- दयाराम साहू 62938/- श्रवण कुमार 18802/- रोहित लाल साहू 41188/- धर्मेन्द्र कुमार साहू 62369/- सुमेर सिंह साहू 40690/- विनोद कुमार गजपाल 74880/-जान की डिस्ने 37489/- मोती लाल कौशिक 16315/- जयंत जोशी 7387/- गैंदालाल वर्मा 82812/- कुल चौदह लाख नौ हजार आठ सौ तैंतीस रुपये सदस्यों को अंतिम भुगतान की राशि वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने संस्था के सुखद अनुभव को साझा किए ।संस्था के अध्यक्ष जवाहर वर्मा द्वारा सेवानिवृत सदस्यों के दुसरी पारी के लिए दीर्घायु की शुभकामनाएं प्रेषित की ।कार्यक्रम में संस्था पुर्व प्रबंधकारिणी सदस्य भोज राम डडसेन संस्था के प्रतिनिधि हुकुम लाल ठाकुर प्रत्यायुक्त मोहन लाल वर्मा प्रबंधक जगनीक यादव विरेन्द्र कुर्रे डी आर नेताम उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी का सक्ती आगमन पर जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सक्ती में प्रदेश महामंत्री पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के आगमन पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागतम किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री राजनीति एवं संगठात्मिक बैठक लेने सक्ती पहुंचे थे सक्ती विधानसभा के शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं संयोजक सह संयोजक की बैठक लेने पहुंचे थे। साथ में जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, संगठन जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला, विधानसभा प्रभारी बिकास केडिया भी साथ में उपस्थित थे।

### नागलोक विप्र समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया

जोहार छत्तीसगगढ़–फरसाबहार।



जशपुर जिले के विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के शिव मंदिर प्रांगण में विप्र समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव पर्व पर गगनभेदी जयकारे के साथ पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर विप्र समाज द्वारा करुणा प्रसाद शर्मा, रमेश मिश्रा एवं गोपाल प्रसाद शर्मा को श्री भगवान परशुराम जी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विप्र समाज पंडरीपानी, फरसाबहार, बागबहार, तपकरा से करुणा प्रसाद शर्मा, प्रदीप होता, रमेश शर्मा, रवि शर्मा, आशुतोष शर्मा, आंनद शर्मा, हेमसागर शर्मा, विजय शुक्ला, गोपाल शर्मा, विनोद शर्मा, दिलीप वैद्य, द्वारिका प्रसाद पाठक, धर्मेंद्र मिश्रा, सतेंद्र शर्मा, वंश शुक्ला, हितेश रथे उपस्थित रहे।

### खाने की तलाश करते मैदानी इलाके में आया चीतल, वन अमले ने किया रेस्क्यू, कानन पेंडारी किया गया शिफ्ट

**लोरमी** । मुंगेली वनमण्डल के लोरमी वन परिक्षेत्र अंतर्गत तुलसाघाट नर्सरी के पास शुक्रवार तड़के सुबह चीतल घायल अवस्था में मिला. जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ गई. वहीं नर्सरी के चौकीदार के इस घायल चीतल को देखने पर इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को दी. जिसके बाद मौके पर वन परिक्षेत्र लोरमी के रेंजर सहित वन अमला पहुंचा. जहां उन्होंने चीतल को रेस्क्यू कर उसता पशु चिकित्सालय में प्राथमिक इलाज किया गया।

पूरे मामले को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल चीतल को मशक्कत के बाद पकड़ा गया. उन्होंने बताया कि खाने-पीने की तलाश में जंगल से भटककर हिरण मैदानी इलाके में आ गया था. जिसकी सूचना के बाद पशु चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार लोरमी के पशु विभाग के चिकित्सालय में किया गया. फिलहाल इस नर चीतल को बेहतर इलाज और संरक्षण के लिए कानन पेंडारी भेज दिया गया है। घटना को लेकर पशु चिकित्सक प्रमोद नामदेव ने बताया कि सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि घायल चेतन को प्राथमिक उपचार के बाद कानन पेंडारी भेजा गया है. चीतल के जांघ पर घाव के निशान थे, जिसका इलाज कर दिया गया है।

### रेमावंड के हल्का पटवारी को एसडीएम ने किया निलंबित

**नारायणपुर**। जिले के रेमावंड के हल्का पटवारी चंद्रेश पात्र द्वारा तहसीलदार के आदेश के बाद भी अभिलेख दुरूस्त नहीं करने के कारण एसडीएम द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इसके अनुसार चन्द्रेश पात्र, पटवारी हल्का नंबर 09 रेमावंड द्वारा शिकायतकर्ता राजमन वड्डे, निवासी ग्राम कुढारगांव के बंटवारा प्रकरण में तहसीलदार के द्वारा आदेश किए जाने के बाद भी अभिलेख दुरूस्त नहीं किया गया था।

# जैजैपुर एवं हसौद में अक्ती पर प्याऊ प्रारंभ किया वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल साहू द्वारा



जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

सक्ति जिला के जैजैपुर विधानसभा में शनिवार को 22 अप्रेल को जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता कमल किशोर साहू वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रतिवर्ष की भाती अकती पर्व के शुभ अवसर पर साहू समाज के धर्मशाला पर जैजेपुर और हसौद के मिलान चौक पर शीतल प्याऊ जल का व्यवस्था रखा गया जिस तरह कमल किशोर साहू ने अपने उद्बोधन पर आने वाले राहगीरों के लिए यहां पर साहू समाज धर्मशाला में रूकने और पानी पीने के उत्तम व्यवस्था की गई है लोगों को गर्मी में थोड़ी सी राहत मिलेगी काफी संख्या में साहू समाज के लोग जैजेपुर में उपस्थित रहे साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे साथ ही साथ कमल किशोर साहू ने कहा कि पिछले साल से अब तक यह व्यवस्था किया गया है जब तक मैं रहूंगा तब तक यह व्यवहार प्रत्येक वर्ष पर साहू समाज द्वारा जैजेपुर मैं करूंगा कार्यक्रम में खमन साहू, रमेश साहू, संतोष साहू, हरनारायण साहू, बंटी साहू सैकड़ों की सांख्य में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

# सिविल सर्विसेज डे के दिन मनमोहन सिंह के हाथों सम्मानित हुए थे ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सिविल सर्विसेज डे के दिन देश के तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के हाथों शिक्षा के क्षेत्र में किए अभूतपूर्व कार्यों के लिए तात्कालिक जिलाधीश युथ आइकॉन एवं वर्तमान भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी सम्मानित हुए थे।






बतौर कलेक्टर ओपी चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बहुत से ऐसे उल्लेखनीय कार्य किए जो छत्तीसगढ़ में आज मिल के पत्थर साबित हो रहे है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कड़ी मेहनत के जरिए मुकाम हासिल करने का हुनर सिखाने वाले ओपी का जीवन संघर्षों से भरा रहा। आजादी के बाद से प्रदेश का सीना नक्सल वाद की गोलियों से छलनी होता रहा। अरसे तक राजनैतिक गलियारों में किसी अधिकारी को बतौर सजा नक्सल क्षेत्र में ट्रांसफर किया जाता था लेकिन ओपी चौधरी ने कलेक्टर रहते जब नक्सल जाने की इच्छा जताई तब सूबे के तात्कालिक मुखिया में आश्चर्य भी जताया लेकिन कुछ नया करने की चाह और बड़ा बदलाव का लक्ष्य लेकर नक्सल क्षेत्र पहुंचे और उन्होंने शिक्षा के जरिए नक्सलवाद का खात्म करने का मंत्र इजाद किया। दिल्ली के बड़े स्कूलों में पढ़ने वाले अमीर बच्चों और दूर पिछड़े क्षेत्र में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के मध्य असमानता को दूर करने के लिए ओपी चौधरी ने प्रदेश में आर टी आई को पारदर्शी बनाया। यही वजह है कि प्रदेश में गरीब परिवार का बच्चा अच्छे स्कूलों में दाखिला पा सकता है। पढ़ाई छूटने पर अफसोस जताने वालों के लिए ओपी चौधरी ने उनके हाथों को रोजगार देने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज की स्थापना की। बेरोजगार युवाओं को प्रलोभन देने की बजाय ओपी चौधरी ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार सीखने का रास्ता खोजा ताकि आने वाली पीढ़ी को बेरोजगार न होना पड़े । लाइवलीहुड कॉलेज कॉलेज आज बेरोजगार युवाओं के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा। ऐसे बच्चे जो नक्सली हमले की वजह से अनाथ हो गए या शारीरिक रूप से अक्षम थे। बीहड़ जंगलों के मध्य बड़े सपने नहीं देख वाले बच्चों के लिए नक्सल क्षेत्र में एजुकेशन सिटी, आस्था, पोटा केबिन जैसे शिक्षा के मन्दिरों का निर्माण ओपी चौधरी के कर कमलों से संपन्न हुआ। किताबों के अभाव में कोई बच्चा अपने लक्ष्य से दूर न रहे उनके लिए नालंदा परिसर जैसी वर्ल्ड क्लास लाइब्रेरी का निर्माण करने वाली ओपी चौधरी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु दो बार प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। सिविल सर्विसेज डे के दिन ऐसे व्यक्तित्व का स्मरण प्रदेश के युवाओं को कुछ नया करने के लिए प्रेरित करेगा। 21 अप्रैल 2013 को पहली बार ओपी चौधरी को भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# खुशनुमा-माहौल में पूरे हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम-जमात-कोटा ने ईद की त्यौहार मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-करगीरोड-कोटा।

शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज पूरे मुस्लिम-समुदाय द्वारा मस्जिदों में अदा करने के बाद शाम होते-होते प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ईद का चांद दिखाई दिया..उर्दू की 29-तारीख की शाम ईद का चांद दिखने के बाद पूरे एक माह तक चले रमजान-शरीफ की विदाई हुई 23-मार्च से शुरू हुए रमजान शरीफ के रोजे रखने वाले रोजदारों-व-इबादत-गुजारो के लिए ईद का त्यौहार अल्लाह (ईश्वर) के तरफ से रोजा रखने वाले रोजदारों-इबादत-गुजारो के लिए एक तोहफा है...पैगम्बरे-इस्लाम मोहम्मद साहब के मानने वाले मुस्लिम-समुदाय के लोगो का ऐसा मानना है।





### *कोटा-ईदगाह-में सुबह 8:30-बजे हाफिज-गुलजार साहब ने ईद की नमाज अदा कराई

कोटा-मुस्लिम समाज के लोगो को प्रदेश के अलग- अलग जिलों से ईद का चांद दिखने की तस्दीक होने के बाद मुस्लिम-समुदाय के द्वारा आपस मे एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की गई.कोटा-मुस्लिम जमात मस्जिद कमेटी के मौजूदा-पदाधिकारियों में जनाब बशीर-बेग-सदर (अध्यक्ष) मोहम्मद जब्बार खान-नायब सदर (उपाध्यक्ष) मोहम्मद जावेद खान, नायब सदर (उपाध्यक्ष), अब्दुल गफ्फार-सेकेट्री (सचिव) मोईद-कुरैशी-नायब-सेकेट्री (सहसचिव) मोहम्मद फिरोज रजा-खजांची (कोषाध्यक्ष) अहमद कुरैशी-नायब खजांची के द्वारा शनिवार को होने वाले ईद की नमाज के लिए ईदगाह की व्यवस्थाओं में जुट गए शनिवार को सुबह 8:30 कोटा मुस्लिम-जमात से जुड़े कोटा-नगर सहित कोटा से जुड़े ग्रामीण-इलाके बिल्लीबंद-बड़ीकरगी-धुमा-लमकेना, करखा-सलका-नवागांव-छेरकाबांधा-नयापारा के मुस्लिम-समुदाय के लोगो ने ईद की नमाज कोटा के ईदगाह-कब्रस्तान में अदा की गई, ईद की नमाज कोटा मस्जिदे-ताहा के पेश ईमाम गुलज़ार साहब द्वारा अदा कराई गई...ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगो के द्वारा पूरे मुल्क में सौहार्द्र-सद्भाव-आपसी-भाईचारे अमन-चैन की दुआए मांगी गई दुआओ के बाद ईद की मुबारकबाद का सिलसिला मुस्लिम समुदाय के लोगो के बीच जारी रहा..कोटा मुस्लिम समुदाय के बड़े-बुजुर्ग-नवजावन-बच्चे आपस मे एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद-शुभकामनाएं देते रहे।

### *ईद की नमाज के बाद ईदगाह में सेवई का इंतजाम कराया गया

कोटा-नगर पंचायत के मौजूदा-एल्डरमैन मोहम्मद जब्बार खान द्वारा ईद की नमाज के बाद ईदगाह में मुस्लिम-समाज के लोगों के लिए सेवई का इंतजाम करवाया गया था, मुस्लिम समुदाय में ईद की नमाज के बाद सेवँई-(सिरखोरमा) का खाना शुभ माना जाता है..ईद की नमाज के बाद मुस्लिम-समुदाय के लोगो ने अपने घर परिवार रिश्तेदारों के कब्रो में जाकर फातिहा-पढ़ी गई ईद की नमाज के बाद ईद की खुशियों में दिए जाने वाली है ईदी-गिफ्ट का इंतजार हर साल ईद के त्यौहार में छोटे बच्चों को रहता है..इस रमजान में मुस्लिम-समाज के छोटे बच्चे-बच्चियों के द्वारा भी रोजे रखें गए..ईद के दिन उन सभी बच्चे-बच्चियों को घर परिवार के बड़े-बुजुर्गों के द्वारा ईदी के रूप के रुपए-गिफ्ट-नए कपड़े दिए गए...इसके अलावा 27-शब शबेकद्र के रोज यंग कमेटी कोटा के तरफ से रमजान शरीफ में रोजा रखने वाले-मस्जिदे-ताहा कोटा में तराबीह की नमाज पढ़ने वाले बच्चे-बच्चियों की हौसला अफजाई के लिए उन्हें गिफ्ट भी दिया गया गिफ्ट पाकर सभी बच्चों के आंखों में अलग से खुशिया झलक रही थी।

## एक नजर

# युवाओं को शिक्षा पर विशेष रुचि लेना चाहिए

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



साथियों आज जिस समुदाय परिवार में या कहां जाये जिस राज्य में हो पूरे समूचे में विश्व में शिक्षा को ही उत्तम और विशेष दर्जा दिया जाता है आजकल युवा साथियों में पढ़ाई की रुचि न्यूनतम होती जा रही है, पढ़ाई जिस स्तर से हमकों करना चाहिए उस स्तर से नहीं कर पा रहे है वर्तमान समय में युवा युवक . युवती साथी अपने मनमर्जी से स्वतंत्र रूप से शिक्षा दीक्षा की ओर रूचि हटाकर अन्य किसी विशेष कार्यो में रूचि लेते हैं जिससे परिजन खुश नहीं रहते है आधुनिक युग में एक से बढ़कर एक टेक्नोलॉजी मशीन यंत्रों उपकरण का अपने दैनिक जीवन में प्राय: प्राय: हम सभी अधिक रूप में अपना कीमती समय गवा देते हैं जिसका दुष्प्रभाव हमारे शिक्षा स्तर पर पड़ता है। जिस पर बेहतर ढंग से तन मन धन से समर्पित भाव से पढ़ाई करते हैं उसमें हमारा जो परिणाम जो है वह संतोषजनक नहीं रहता है। मेरा विशेष मानना है कि पूरे युवा साथी अपने पढ़ाई के स्तर पर शत प्रतिशत जरूरी काम के अलावा अन्ययंत्र समय पर समय नहीं गंवाना चाहिए जिससे हमको हमारे परिणाम विपरीत प्रभाव ना पड़े किशोरों उस पर हमको हमारे घर परिवार में बुजुर्गों का अपने माता-पिता का व रिश्तेदारों का मान सम्मान करना चाहिए और हमें की आदतें संस्कार को अपने अंदर आत्मसात करना चाहिए वह अपने कार्य के प्रति ईमानदारी के साथ निर्भर एवं आत्मविश्वास होना चाहिए।

# पीएमजीएसवाई के अधूरे व गुणवत्ताहीन निर्माण कर पूरी राशि निकाल ली गई - जेसीसीजे

**बीजापुर** । जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क पुल पुलिया का निर्माण कार्य में सड़कों का आधे अधूरे निर्माण और गुणवत्ता हीन निर्माण के साथ राजनीतिक प्रभाव और दबाव बना कर पूरी राशि निकाली गई है। जिसकी शिकायत और जांच की मांग जेसीसीजे के बीजापुर जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर किया है।

जेसीसीजे के बीजापुर जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने बताया कि पीएमजीएसवाई बीजापुर संभाग में धर्मेंद्र मिश्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी और गुप्ता कंस्ट्रक्शन के नाम पर सड़को का आधा अधूरा निर्माण कार्य कर विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के मिलीभगत से भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिए गए हैं। इन कंस्ट्रक्शन कंपनियों द्वार गांव के पुराने सड़कों को डोजर गाड़ियों से मरम्मत कर बिलिंग किया गया है। गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्य डमपाया से बंदेपारा, बारेगुड़ा से खासपारा, उझूर से केरपे, मूरदोडा से बंजारापारा, बारेगुड़ा से खासपारा तथा धर्मेंद्र मिश्रा कंस्ट्रक्शन कार्य चेरकंटी से कोटर, कंदूलनार से स्कूलपारा, मोरमेड़ से कचलाराम, कुटरु से पाताकुटरु,पाता कुटरु से कुमलेर, चिंतनपल्ली से आदेड़, आकलंका से हुर्रेदुगेली, गुद्दीपाल से आदेड़ शामिल है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंर्तगत किए गए कार्यों में माफदंड का ध्यान में नही रखा गया है और न ही सड़क निर्माण के कार्य पूरे हुए हैं। आधे अधूरे निर्माण कार्य के पूरे भुगतान लिए गए हैं जो की सड़क निर्माण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार को दर्शाता है। राज्यपाल महोदय से मांग की गई है कि दोनों कंपनियों द्वारा कराए गए सड़क निर्माण गुणवत्ता व पुल पुलियों के निर्माण भुगतान की निष्पक्ष जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई किया जावे।

# छोटे बेटियां केंद्र के संचालक,ऑपरेटर व बारदाना प्रभारी के विरूद्ध

**कांकेर** । जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने धान खरीदी में गड़बड़ी करने वाले छोटे बेटियां धान खरीदी केंद्र के संचालक, ऑपरेटर तथा बारदाना प्रभारी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने के लिए कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आदेश जारी किया है, आदेश में जिला कलेक्टर ने आदिम जाति सहकारी समिति बांदे के छोटे बेटियां धान खरीदी केंद्र में 1724.60 चिंटल धान समर्थन मूल्य दर 3518104.01 की हेराफेरी किया गया है एवं साथ ही बारदाना की राशि 204106 रुपए कुल सैंतीस लाख बाइस हजार दो सौ नब्बे रुपए की शासकीय क्षति पहुंचाई गई हैं। कलेक्टर के आदेश के तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक उक्त मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है, जब कि जिला कलेक्टर के आदेश में छोटे बेटियां धान खरीदी केंद्र द्वारा खरीदी की गई धान का ऑडिट कर रिपोर्ट सहित समिति प्रबंधक खरीदी केंद्र के संचालक ऑपरेटर तथा बारदाना प्रभारी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही गई हैं।

# सहयोगियों के संग विधायक रेखचंद जैन ने गले लगकर मुस्लिम धर्मावलंबियों को दी ईद की बधाई

**जगदलपुर** । सुबह संसदीय सचिव व विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन ने अपने सहयोगियों के साथ ईदगाह भाटा पहुंच मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज अदा कर बाहर निकले हजारों रोजेदारों को श्री जैन ने बधाई देते कहा कि हमारा बस्तर शांति और सौहार्द्र के लिए जाना जाता है जिसमें सर्व धर्मों एवं समाजों की प्रमुख भूमिका है, मुस्लिम समाज इनमें से एक है। इससे पूर्व सुबह ईदगाह भाटा के बाहर पहुंचकर उन्होने शीतल पेय समेत तमाम व्यवस्थाओं की कमान अपने साथी शुभचिंतकों व सहयोगियों के साथ संभाली। इस दौरान श्री जैन के साथ सदर हाजी हाशिम खान, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव शर्मा, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, वारिस रिजवी, जीशान कुरैशी, सत्तार अली, अमजद खान, अनवर खान, योगेश पानीग्राही, जावेद खान, सीमाब खान, महबूब खान, मुजीब खान, पार्षद इमरान खान, विक्रम सिंह डांगी, कमलेश पाठक, सुनीता सिंह, यशवंत ध्रुव, सुखराम नाग, दयाराम कश्यप, सूर्या पाणि, सुशील मौर्य, सैम्युअल नाथ, अब्दुल जमील, अकील खान, अब्दुल रशीद, अब्दुल सईद, रहमान, मोइन कुरैशी, मोइन अख्तर, अल्ताफ खान, जाहिद हुसैन, जफर अली, मो. रियाज खान, गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, हरिशंकर ठाकुर, एस नीला, केसर चेरपा, माधुरी शर्मा, कनकदेई नाग, धर्मेंद्र चौहान, फैज़ल नवी, विकास राव, गौरव आयंगर, तुषाल काले आदि मौजूद थे।

## विधायक जैन ने दी इफ्तार दावत

### जामा मस्जिद पहुंचकर दी ईद की अग्रिम शुभकामनाएं

**जगदलपुर** जगदलपुर विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने जामा मस्जिद परिसर के पास इफ्तार दावत दी। उन्होने नमाज अदा करने आए मुस्लिम धर्मावलंबियों को गले लगाकर ईद की अग्रिम शुभकामना भी दी। शाम लगभग चार बजे मस्जिद परिसर के पास अपने सहयोगियों के साथ विधायक जैन पंहुचे। उन्होने रोजेदारों के फलाहार, शीतल पेय आदि की व्यवस्था की। इस दौरान उनके साथ हाजी हाशिम खान, वासिम खान, एस करीमुद्दीन, शकील खान, शकील रिजवी, रहमान, अकील खान, सीमाब खान, मोइन कुरैशी, मोइन खान, जफर अली, सायमा अशरफ रामशंकर राव, होरी मंडल, गौरनाथ नाग, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, सुषमा कश्यप, पंचराज सिंह, लता निषाद, कोमल सेना, सूर्या पाणि, कमलेश पाठक, दयाराम कश्यप, अमर सिंह, हरीश साहू, एस नीला, हेमू उपाध्याय, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया, विनोद कुकड़े, संदीप, विक्की निषाद, सुशील मौर्य, नीलम कश्यप, विकास राव, गौरव आयंगर, माही श्रीवास्तव, धर्मेंद्र चौहान, जाहिद हुसैन आदि मौजूद थे।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर न्यायालयों एवं स्कूलों में किया गया पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।







सालसा द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2023 माह अप्रैल 2023 अनुसार पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स चंद्रकिशोर सिंह, देवेंद्र यादव टुवेंद्र वर्मा, खेतहा घृतलहरे, चेतन साहू, सुश्री सोनिया सिंह, सुश्री प्राची तिवारी, संजू यादव द्वारा जिला न्यायालय बेमेतरा प्रांगण में नि:शुल्क पौधा वितरण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पृथ्वी को बचाने के लिये अपील की। इसके साथ साथ श्रीमती मधु तिवारी विशेष न्यायाधीश पाक्सो न्यायालय एवं श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली में छात्र छात्राओं के बीच जाकर पृथ्वी दिवस के अवसर पर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण के तहत होने वाले अपराधों के संबंध में अपने बचाव के बारे में उन्हें जागरूक किया। शाला प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं प्रधान पाठक परस राम साहू सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया। पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा भी कंतेली वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुये लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय या संस्था में संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है, उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते हैए उसकी कोई अपील नहीं होती है, न्याय शुल्क यदि लगा हो तो वापस हो जाते है, ऐसे मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। साथ ही महिलाओं के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, वाहन चालान संबंधी महत्वपूर्ण कानून, नालसा की दस योजनायें, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलओं के लिये संचालित हमर अंगना योजना, लोक अदालतों की प्रक्रिया एवं उसके लाभ नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 1510, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं सहयोग हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेशनल हेल्पलाईन सेंटर का टोल फ्री नंबर 14567 के संबंध में जानकारी दी की गई।

# अक्षय तृतीया पर माँ महामाया मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 152 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी रतनपुर के महामाया मंदिर परिसर मे 22 अप्रैल को नि:शुल्क सामूहिक विवाह का पुनीत एवं लोक कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस पुनीत एवं लोक कल्याणकारी कार्य मे विवाह योग्य युवक एवं युवतियों के 160 जोड़ों ने मंदिर कार्यालय में पहुँचकर अपना पंजीयन कराया था। जिसकी पात्रता की जांच ट्रस्ट के विधिक विभाग द्वारा बड़ी बारीकी से की गई थी। मंदिर के मैंनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा ने बताया कि माँ महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष अक्षय तृतिया को सामुहिक विवाह का आयोजन किया जाता है 152 जोड़े में तीन लोग विकलांग थे जिनकी भी विवाह आज ट्रस्ट के द्वारा कराई गई मंदिर प्रबंधन की ओर से सामुहिक विवाह में भाग लेने वाले वर वधू को वैवाहिक परिधान एवं सुहाग का सामान, मंगलसुत्र लाकेट, पचहर बर्तन व श्रृंगार से भरी पेटी उपहार स्वरूप दिये गए।साथ ही इस दौरान मंदिर परिसर में दूल्हा दुल्हन सहित उनके परिजनों के लिए आवास एवं भोजन की भी नि:शुल्क ब्यवस्था माँ महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा की गई।कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश शर्मा एवं सभी ट्रस्टीगण विशेष रूप से शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किये। मंदिर परिसर में आचार्य शशि मिश्रा के द्वारा सामूहिक विवाह के लिए वैदिक मंत्र के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

# कोविड की तैयारी और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने सीएमएचओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस सहित वेतन काटने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

जिले में कोरोना के संक्रमण में वृद्धि को देखते हुए उसकी तैयारियों तथा स्वास्थ सुविधाओं की सुदृढ़ता के लिए कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आज जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महिस्वर द्वारा विकासखंड पलारी के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।





इस दौरान सीएमएचओ ने ठीक कार्य करने वाले कर्मचारियों की ना केवल प्रशंसा की बल्कि लापरवाही बरतने वाले कई कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस सहित उनके वेतन कटौती तक के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ सबसे पहले ग्राम अमेरा के उपस्वास्थ्य केंद्र गए जहं वीएचएनडी का सत्र चल रहा था यहां मितानिनें उपस्थित नहीं थीं जिस पर उन्होंने तत्काल मितानिन प्रशिक्षिका को मोबाइल पर फटकार लगाते हुए कार्य सुधार के निर्देश दिए। अमेरा में बन रहे नए उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सब इंजीनियर को तराई और प्लास्टर के कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने को कहा। उपस्वास्थ्य केंद्र छेरकापुर में दोपहर 12 बजे तक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक देवेश कुमार साहू अनुपस्थित पाए गए जिस पर सीएमएचओ ने उक्त कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश बीएमओ को दिए है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लच्छनपुर में भ्रमण के दौरान सीएमएचओ ने व्यवस्थाओं के प्रति संतोष जाहिर किया और वहां उपस्थित स्टाफ की प्रशंसा की। इसी केंद्र में पदस्थ जेए कृष्ण कुमार सार्वा जो अनुपस्थित पाए गए एवं जिनके विरुद्ध कई शिकायतें थीं उनके 5 दिनों के वेतन कटौती करने के आदेश के साथ-साथ शोकॉज का जवाब सी एम एच ओ के सम्मुख प्रस्तुत होकर देने के निर्देश दिए गए। लच्छनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ वीणा वर्मा ने बताया किए लैब टेक्नीशियन ना होने के कारण यहां कई प्रकार के जांच कार्य प्रभावित हो रहे हैं साथ ही एक वार्ड की यहां नितांत आवश्यकता है। इस पर सी एम एच ओ ने उक्त कार्यों हेतु तत्काल व्यवस्था करने की बात कही गई। उप स्वास्थ्य केंद्र सलोनी में निरीक्षण के दौरान पाया गया किए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे जबकि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला और पुरूष दोनों ही टीकाकारण सत्र हेतु अहमदपुर ग्राम में गए हैं ऐसा बताया गया। उपस्थिति पंजीयन की जांच में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मनमोहन आर्य द्वारा पिछले सात दिनों से हस्ताक्षर ही नहीं किये गए हैं जिस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए बीएमओ को सम्बंधित कर्मचारी को शोकॉज देने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने अहमदपुर ग्राम में औचक निरीक्षण कर के भी देखा की सम्बंधित कर्मचारी की बात में सत्यता है या नहीं। उक्त कर्मचारी द्वय वहां उपस्थित पाए गए। सीएमएचओ डॉ महिस्वर ने बताया की जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। सीएमएचओ के साथ इस औचक निरीक्षण में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस ध्रुव, एच डब्ल्यू सी सहायक जिला नोडल अधिकारी डॉ अविनाश केशरवानी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक राजेश कुमार डहरिया एवं बीईटीओपी आर मार्कण्डेय भी उपस्थित रहे।

# सूरजपुर के सैकड़ों किसान को फिर लग सकती है लाखों की चपत, किसान है चिंतित

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।





जिले के सुखरी फीडर में बढ़ते बिजली के दबाव और सब्जी के उत्पादन को देखते हुए इस फीडर में नए सब स्टेशन की मांग वर्षों से की जा रही है। इसके लिए सर्वे भी किया गया। तपती चिलचिलाती धूप में अगर दिनभर या बार–बार बिजली गुल हो जाए तो अक्सर लोग विद्युत विभाग को कोसते हैं। लेकिन बिजली की आंख मिचौली से अगर हजारों किसानों की मेहनत की कमाई दांव पर लग जाए तो फिर पूरे प्रशासनिक सिस्टम पर सवाल उठना लाजमी है।

## तेज हवाओं ने पहले ही किया परेशान

सूरजपुर जिले के सुखरी फ ीडर के आम लोगों और खासकर सब्जी उत्पादक किसानों को ठीक ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। तीन दिन पहले चली तेज हवाओं ने हजारों किसानों के सब्जी की फसल पर संकट खड़ा कर दिया है। व्यवस्था को सुधारने वाले किसानों पर नजरें इनायत तक नहीं कर रहे हैं।

## भगवान भरोसे बिजली व्यवस्था

सूरजपुर जिले के सुखरी फ ीडर की विद्युत व्यवस्था सीएसईबी के हवाले नहीं, बल्कि भगवान भरोसे है। इस फीडर के अंतर्गत आने वाले आठ गांवों में से चार गांवों में बिजली संकट गहरा गया है। तीन दिन से बिजली किसानों के साथ आंख मिचौनी का खेल खेल रही है। दरअसल सीएसईबी ने किसी तरह जुगाड़ से इस फीडर के पांच गांव गणेशपुर गोपालपुर, कमलपुर और वीरपुर में तीन दिन पहले आई विद्युत कटौती की समस्या में सुधार किया।

## इन सब्जियों पर संकट

ये चार गांव समेत आसपास का पूरा इलाका संभाग का सबसे अधिक सब्जी उत्पादक क्षेत्र है। हाल के दिनों में करीब 800 एकड़ में सबसे अधिक तरबूज, करेला, खीरा, लौकी, मक्का और बरबटी जैसे सब्जियां खेतों में लगी हैं। सभी सब्जियों की फ

### मजबूर है किसान

*गर्मी के मौसम में सिंचाई के लिए सैकड़ों मोटर के बढ़ते दबाव के कारण अलग अलग जगह पर फाल्ट आ जा रहा है। कुछ मिनट रहकर बिजली फिर लापता हो जा रही है। इससे सब्जी उत्पादक किसान अपने सामने अपनी फसल की बर्बादी देखने को मजबूर हो गए हैं। गौरतलब है कि इन चार गावों में 12 हजार की आबादी है और करीब 800 एकड़ में सब्जी की पैदावार होती है।*

सल पर फूल के बाद फल आने का समय भी हो गया है। लेकिन बिजली की इस समस्या के कारण किसान खेतों में ड्रिप एरिगेशन या साधारण सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। आलम ये है कि किसान जिस सब्जी के उत्पादन के लिए पिछले कई महीनों से खेतों में पसीने बहा रहे हैं, उस पर बिजली समस्या के कारण ग्रहण लगने के आसार दिख रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक़ अगर बिजली की आंख मिचौनी का खेल ऐसे ही चलता रहा तो फिर प्रति किसान 2 लाख रूपए के हिसाब से पूरे क्षेत्र के किसानों को करोड़ों का नुक़सान संभव है?

## नहीं बन रहा सब स्टेशन

जिले के सुखरी फ ीडर में बढ़ते बिजली के दबाव और सब्जी के बंपर उत्पादन को देखते हुए इस फीडर में नए सब स्टेशन की मांग वर्षों से की जा रही है। लोगों की मांग के बाद इसके लिए सर्वे भी किया गया। कमलपुर पंचायत में ग्राम पंचायत ने जमीन भी चिन्हित कर ली इसके बाद सब स्टेशन लगाने का प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी आज तक न ही जिला प्रशासन के कान में जूं रेंगा और न सीएसईबी के अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाई। परिणाम ये है कि खेत में लगे सिंचाई पंप के लोड तले पूरा विद्युत सिस्टम बार–बार धराशायी हो जा रहा है।

## पीने के पानी भी संकट में

यह स्थिति केवल तीन दिनों की नहीं है। इस इलाके में बिजली संकट कई वर्षों से है। कब बिजली गोल हो जाए, इसका कोई टाइम टेबल नहीं है। इसकी वजह से ग्रामीण इलाकों में पीने का पानी और मवेशियों के पीने का पानी का संकट भी खासकर गर्मियों के दिन में गहरा जाता है। ऐसे में इन दिनों मवेशी तक पानी पीने के लिए तरह रहे हैं। गरीब तबके के लोग तो ढोढी कच्चा कुआं का पानी पीने को मजबूर हो जाते हैं। इससे बिमारी बढ़ने के भी आसार भी रहते हैं।

## क्या कहा एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने

*इस मामले को लेकर जब हमारे जिला प्रतिनिधि ने सूरजपुर के ईई बसंत सोम से बात की तो पहले तो उन्हें इस इलाके की ही जानकारी नहीं थी। बाद में जब उन्हें लोकेशन बताया गया तो उन्होंने कहा कि मुझे अपने निचले अधिकारियों से जानकारी लेनी पड़ेगी। वैसे उन्होंने कहा कि किसी किसान का फ ोन आया था। हालांकि बाद में ईई ने कहा कि उनके जेई ने बताया कि वहां रेलवे लाइन क्रास करके लाइन गई है। उसमे फाल्ट आ जाता है। क्रासिंग लाइन में पाइप नहीं डाली गई है। इसे बदलना मुश्किल काम है। क्योंकि ये सेंट्रल मिनिस्ट्री का है। इसलिए बहुत माथा पच्ची करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रपोजल भेजेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सब स्टेशन बहुत दूर की बात है, अभी इसमें टाइम लगेग।*

---

**एक नजर**

# पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने पेश की भाईचारे की मिशाल

* ईद के मौके पर समाज बंधुओं को कराया जलपान एवं पिलाई शरबत दी ईद की बधाई

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ति।



सक्ति शहर दशको से हिंदू–मुस्लिम एवं सर्व धर्म के भाईचारे की मिशाल रहा है, तथा समय–समय पर जहां अलग–अलग धर्म–संप्रदाय के पर्वों के दौरान समाज बंधु एक कदम आगे बढ़कर अन्य धर्म–संप्रदाय के लोगों का स्वागत करते नजर आते हैं, तो वहीं 22 अप्रैल को भी ईद उल फितर के पुनीत पर्व पर नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्यामसुंदर अग्रवाल ने भाईचारे की एक बड़ी मिशाल पेश की, सक्ति शहर के कोरबा रोड में ईदगाह में जहां लगभग एक हजार की संख्या में मुस्लिम समाज के बंधुओं ने सुबह ईद उल फितर के मौके पर अपनी धार्मिक परंपरा के अनुरूप नमाज अदा की तो वही इस अवसर पर शक्ति शहर सहित आसपास के मुस्लिम समाज के बंधु मौजूद थे, तथा ईद पर्व को लेकर जहां उत्साह था तो वहीं नगरपालिका सक्ति के पूर्व अध्यक्ष, समाजसेवी तथा वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर अग्रवाल ने भाईचारे की एक अटूट मिसाल पेश करते हुए सभी समाज बंधुओं को ठंडा शरबत, पेयजल, आइसक्रीम एवं जलपान कराया इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, संजय अग्रवाल बिहारी, किशन अग्रवाल लीला, पुष्कर सिंघल भी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

---

# बेरोजगारी भत्ता के नाम पर बेरोजगारों को उलझा रही भूपेश सरकार-ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा बेरोजगारों को आत्म निर्भर बनाने की बजाय भूपेश सरकार बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर उलझा रही है। सत्ता पाने के लिए प्रदेश के बेरोजगारों को हर माह पच्चीस सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाले भूपेश सरकार साढ़े चार साल तक बेरोजगारी भत्ते के नाम पर झूठ बोलती रही। बेरोजगारी भत्ता देने की वादा खिलाफी के नाम पर विपक्ष द्वारा लगातार सरकार को घेरे जाने पर चुनावी वर्ष मे भूपेश सरकार ने आनन फ ानन में बेरोजगारी भत्ता की घोषणा की गई लेकिन कांग्रेस सरकार नीयत सामने आ रही है। कांग्रेस सरकार लटकाना भटकाना अटकाना कभी नहीं छोड़ सकती। ओपी ने भूपेश सरकार को कटघरे में खड़े करते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर युवाओ को चक्कर कटवाकर भूपेश सरकार अपमानित कर रही है। प्रदेश के सभी जिलों में सत्यापन के नाम पर युवाओं को घुमाया जा रहा। भत्ता पाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के लिए पटवारियों के चक्कर काटने पड़ रहे है। एक अप्रैल से शुरू ऑन लाइन पंजीयन की व्यवस्था के बावजूद युवाओं को तपती धूप घंटो कतार में खड़ा होना पड़ रहा। एक ओर सरकार का दावा था कि प्रदेश में बेरोजगारी नहीं है जबकि हर जिले में बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए लगी कतारें सरकारी दावों की पोल खोल रही है। हजारों की संख्या में जमा हो रहे आवेदनों में बहुत से आवेदन अकारण ही निरस्त किए जा रहे है। इसके अलावा स्वीकृत आवेदनों को भी समुचित कारण बताए बिना अकारण ही निरस्त किए जा रहे जिससे बेरोजगार यूवाओ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# अडानी के घोटाले बाज समधी को भी मोदी सरकार ने देश से भगा दिया - कांग्रेस

**रायपुर** । अडानी के घोटाले को संरक्षण देने वाली मोदी सरकार ने अडानी के समधी को भी घोटाला कर देश से भागने दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अडानी का समधी जतिन मेहता 7000 करोड़ डकार कर देश से भाग गया तथा दूसरे देश की नागरिकता ले लिया। जतिन मेहता के तार मान्टेरोसा नाम की कंपनियों से जुड़े है। मान्टेरोसा समूह मारीशस स्थित शेल कंपनियों का मालिक है यह वही शेल कंपनियां है जिन्होंने अडानी समूह में पैसा लगाया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जतिन मेहता की तीन कंपनियों – 'विनसम डायमंड्स एंड ज्वैलरी लिमिटेड', 'फॉरएवर प्रेशियस ज्वैलरी एंड डायमंड्स लिमिटेड' और 'सु–राज डायमंड्स' ने पंजाब नेशनल बैंक सहित भारत के अन्य सरकारी बैंकों को 6,712 करोड़ का चूना लगाया और फिर मेहुल भाई और नीरव मोदी जैसे बाक़ी भगोड़ों के जैसे भाग खड़े हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जतिन मेहता और उनकी पत्नी ने 2 जून, 2016 को भारतीय नागरिकता छोड़ दी और कैरेबियन में अंतर्राष्ट्रीय टैक्स हेवेन, सेंट किट्स और नेविस के नागरिकों के रूप में बस गए, जिनके साथ सरकार की कोई प्रत्यर्पण संधि नहीं है। फ़िलहाल यूके में अंतराष्ट्रीय बैंकों द्वारा जतिन मेहता पर केस चलाया जा रहा है, जिसका भारतीय जाँच एजेंसी और क़ानून प्रणाली से कोई लेना–देना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जतिन मेहता को कौन बचा रहा है? क्या राज़ है कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परम मित्र – अडानी के समधी जतिन मेहता का कोई बाल भी बाँका नहीं कर पाया ? क्या कारण है कि जब जतिन मेहता और उनकी कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी को रोकने और कार्रवाई करने की बात आती है तो पूरी मोदी सरकार, सभी अधिकारियों सहित, सोई हुई पाई जाती है?

# महिला बाल विकास में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा

6 मार्च को जोइनिंग करने के बाद भी प्रभारी नहीं दे रहा प्रभार

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।




सक्ती मुख्यालय स्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग सक्ती में प्रभारी अधिकारी एक महीने बाद भी नहीं दे रहे है प्रभार 6 मार्च को श्यामा बाई कंवर ने महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के रूप में जॉइनिंग की है लेकिन जांइनिग के एक महीना बीत जाने के बाद भी प्रभारी महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहम्मद अहमद खान का सक्ती कार्यालय से मोह नहीं छुट रहा है मिली जानकारी के अनुसार श्यामा बाई कंवर ने 6 मार्च को कार्यालय आकर जोइनिंग कर ली है लेकिन जैजैपुर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहम्मद अहमद साहब को सक्ती का मोह नहीं जा रहा है। दोनों आफिस से मलाई खाने का जो मोह को त्याग नहीं कर पा रहे हैं। कार्यालय भी हफ्ते में एक दो दिन ही आते हैं। जिसके कारण महिला एवं बाल विकास कार्यालय का कार्य प्रभावित हो रहा है। विदित हो कि महिलाओं एवं बच्चों के सर्वागीण विकास तथा उनके संवैधानिक हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग का गठन किया गया है इसके अंतर्गत गर्भवती, शिशुवती महिलाएं एवं 6 वर्ष आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति सुधार हेतु सेवाएं प्रदाय की जाती है। इस कार्यक्रम के साथ–साथ महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाएं विभाग द्वारा संचालित की जाती है। दूर–दूर गांव एवं सेक्टर से आने वाली कर्मचारी का इंतजार करते करते वापस बैरंग लौट जाती है। ऐसा किया कारण है कि अधिकारी प्रभार नहीं सौंप रहे। महोदय का कुछ दिन पहले बम्हनीडिह महिला बाल विकास में ट्रांसफर हुआ है लेकिन वहां पर भी जांइनिंग अभी तक नहीं की है। बात सोचनी है। कुछ तो दाल में काला है। ऐसे अधिकारी पर प्रशासन क्यों मेहरबान है? यह बात सोचनी है। सक्ती जिलें में ऊर्जावान कलेक्टर का इस ओर अभी तक ध्यान कैसे नहीं गया है। ऐसे अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई कर कंवर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रभार दिलाया जाए जिससे कार्य प्रभावित न हो।

### प्रभार के लिए भटक रही एक महिला आदिवासी परियोजना बाल विकास अधिकारी

# रतनपुर में ईद का त्यौहार बड़े उल्लास के साथ मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



मुस्लिम संप्रदाय का सबसे बड़ा त्यौहार ईद है, जिसे ईदु उल फितर के नाम से जाना जाता है आज ईद मनाया जा रहा है मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे 1 माह रमजान शरीफ के रोजे रखकर वह तरावीह की नमाज पढ़कर इबादत करते हैं रमजान शरीफ के महीना जैसे ही खत्म होता है चांद देखने के बाद ईद मनाई जाती है 21 तारीख की शाम चांद देखने के बाद आज ईद मनाई जा रही है सुबह से उठकर मुस्लिम भाई ईद की नमाज पढ़ने के लिए तैयार होने लग जाते हैं और नए कपड़े पहन कर ईदगाह जाकर ईद की नमाज अदा करते हैं नमाज के बाद सभी अमन चैन की दुआ मांगने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं आज रतनपुर में कॉलेज रोड जोरा तालाब ईदगाह में सुबह 9ः00 बजे हाफिज हुसैन ने नमाज अदा कराई और नमाज के बाद देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी दुआ के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए ईद की खुशियां मनाई गई।

# सहकारी समितियों से वर्मी कम्पोस्ट का वितरण जारी

किसानों से उर्वरक के अग्रिम उठाव करने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।



जिले के सहकारी समितियों में 1 अप्रैल से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण एवं कृषि आदान जैसे बीज, उर्वरकों का वितरण आरंभ हो चुका हैं उप संचालक कृषि जोसेफ टोप्पो ने बताया कि जिले में यूरिया 7197, सुपर फ ास्फेट 1830, डीएपी 8156, पोटाश 672, एनपीके 1790, मीट्रिक टन तथा पर्याप्त मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण किया गया है। सहकारी समितियों में किसानों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कीमत पर यूरिया का 266.66 रूपयेए डीएपी 1350 रूपये, एनपीके 1470 एवं पोटाश 1700 रूपये प्रति बैग की दर से वितरण किया जा रहा है। विगत वर्षों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कारकों के कारण उर्वरक आपूर्ति बाधित हुई थी। इसको ध्यान में रखते हुए किसानों को अग्रिम उठाव करने के अपील की गई है। खरीफ मौसम के निकट आते ही खाद की मांग बढ़ जाने के कारण उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होती है।

## खरीदी की रसीद जरूर लें ताकि रूके कालाबाजारी

*किसानों से आग्रह किया गया है कि वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति हो रही है एवं आसानी से खाद उपलब्ध है। समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम उठाव अवश्य करें। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण अग्रिम उठाव करने पर भी कोई अतिरिक्त राशि देना नहीं पड़ेगा। सहकारी समितियों के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का वितरण कृषकों को किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट में 0.51 से 1.61 प्रतिशत नाईट्रोजनए 0.19 से 1.02 प्रतिशत फास्फोरसए 0.15 से 0.73 प्रतिशत पोटाश तथा 9.8 से 13.4 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन पाया जाता है। इसके उपयोग से मृदा स्वास्थ्य में सुधार, मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के साथ.साथ फसलों को अन्य पोषक तत्व उपलब्ध करात हैए जिससे फसलों की पैदावार बढ़ती है। सभी किसान अग्रिम उठाव अवश्य करें। शत प्रतिशत पॉस के माध्यम से उर्वरक क्रय करें और रसीद अवश्य लेंण्जिससे उर्वरको की कालाबाजारी को रोका जा सकें।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in